


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 03 | ग्वालियर शुक्रवार 19 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## असम को नजर अंदाज करने की ऐतिहासिक गलती सुधार रही है सरकार : प्रधानमंत्री मोदी



-"महाबाहु-ब्रह्मपुत्र" जलमार्ग का लोकार्पण, धुबरी-फुलबाड़ी पुल की आधारशिला, माजुली सेतु के लिए किया भूमिपूजन

**गुवाहाटी।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को असम को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी और कहा कि उनकी सरकार पूर्वोत्तर के इस राज्य को नजरअंदाज करने की "ऐतिहासिक गलती" को ना सिर्फ सुधार रही है, बल्कि तेज गति से उसके विकास के लिए प्रतिबद्ध भी है। इस अवसर पर मोदी ने यह भी कहा कि बीते वर्षों में केंद्र और असम की डबल इंजन सरकार ने इस पूरे क्षेत्र की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरियों को कम करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, "गुलामी के कालखंड में भी असम देश के सम्पन्न और अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से था। संपर्क का जाल असम की समृद्धि का बड़ा कारण था। आजादी के बाद इस अवसंरचना को आधुनिक बनाना जरूरी था, लेकिन इन्हें अपने ही हाल पर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इतिहास में की गई "गलतियों" को सुधारने की शुरुआत की थी, अब उनका ना सिर्फ विस्तार किया जा रहा है बल्कि उन्हें और गति दी जा रही है। उन्होंने कहा, यह अब हमारी प्राथमिकता में भी है और इसके लिए सरकार दिन रात एक कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में राज्य के विकास को नयी ऊंचाई दी और ऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि लोगों ने भाजपा की सरकार चुनी। उन्होंने कहा, वर्ष 2016 में आपके दिए एक वोट ने कितना कुछ कर दिखाया। आपके वोट की ताकत अभी असम को और ऊंचाई पर ले कर जाने वाली है। असम में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर "महाबाहु-ब्रह्मपुत्र" जलमार्ग का लोकार्पण किया, धुबरी-फुलबाड़ी पुल की आधारशिला रखी और माजुली सेतु के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होते हुए प्रधानमंत्री ने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर इन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। "महाबाहु-ब्रह्मपुत्र" के शुभारंभ के साथ प्रधानमंत्री ने नीमाटी-माजुली द्वीप, उत्तरी गुवाहाटी-दक्षिण गुवाहाटी और धुबरी-हाटसिंगिमारी के बीच रो-पैक्स पोत संचालन का उद्घाटन किया। नीमाटी और माजुली के बीच रो-पैक्स परिचालन से वर्तमान में वाहनों द्वारा तय की जा रही 420 किलोमीटर की कुल दूरी कम होकर केवल 12 किलोमीटर रह जाएगी।

### आईपीएल नीलामी 2021: युवराज को पीछे छोड़ा

## इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने मौरिस




**आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी**

1 क्रिस मॉरिस - 2021 में 16.25 करोड़ (आरआर)

2 युवराज सिंह - 2015 में 16.00 करोड़ (दिल्ली)

3 पैट कमिंस - 2020 में 15.50 करोड़ (केकेआर)।

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर क्रिस मौरिस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। मौरिस को आईपीएल के 14 वें सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा है। सबसे हैरानी की बात है कि उनका आधार मूल्य केवल 75 लाख रुपये था। उन्होंने सबसे अधिक कीमत के मामले में पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले युवराज को दिल्ली डेयरडेविल्स ने साल 2015 में 16 करोड़ में खरीदा था। मैरिस अब विराट कोहली के बाद आईपीएल में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। आरसीबी के विराट का वेतन 17 करोड़ रुपये है। मॉरिस को आरसीबी टीम ने इसी साल रिलीज कर दिया था। मॉरिस ने पिछले सत्र में आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। आखिरी ओवरों में वह अपनी घातक बल्लेबाजी से किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। मॉरिस 2015 के आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। मॉरिस ने पहली बार आईपीएल में 2013 के सीजन में सीएसके की ओर से खेला था। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेल चुके हैं। इस खिलाड़ी ने आईपीएल में 70 मैचों में 23.95 की औसत से 551 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 82 रन रहा है. मॉरिस ने 23.98 की औसत से 80 विकेट भी लिये हैं। 23 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.2 करोड़ रुपये में खरीदा। डेविड मालन को पंजाब किंग्स ने 1.50 करोड़ के बेस प्राइज पर खरीदा। राजस्थान रॉयल्स ने 50 लाख रुपए आधार मूल्य वाले युवा शिवम दुबे को 4.4 करोड़ में खरीदा है। वहीं 2 करोड़ के बेस प्राइज वाले इंग्लैंड के स्पिनर मोइन अली को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 7 करोड़ में खरीदा। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआ) ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को 3.2 करोड़ में खरीदा है। शाकिब का आधारमूल्य 2 करोड़ था

### कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण

## महाराष्ट्र के दो जिलों में फिर लगाया गया लॉकडाउन

**मुंबई।** कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए आखिरकार महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा प्रभावित दो जिलों में दोबारा लॉकडाउन लगाने की घोषणा कर दी गई है. महाराष्ट्र के अमरावती और यवतमाल में दोबारा लॉकडाउन लगाने की घोषणा कर दी गई है. अमरावती और यवतमाल के जिलाधिकारियों ने यह फैसला किया है. यवतमाल में कोरोना मरीजों की तादाद काफी ज्यादा बढ़ चुकी है. जिले में दिसंबर महीने से लेकर 29 जनवरी तक 25 मरीजों की मौत हुई थी लेकिन फरवरी महीने में यह आंकड़ा काफी ज्यादा बढ़ चुका है. यवतमाल में 28 फरवरी तक लॉकडाउन रहेगा. वहीं अमरावती में एक दिन का लॉकडाउन लगाया गया है. रविवार 21 फरवरी को अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़कर सब बाजार, कार्यालय, दुकानें बंद रहेगी. बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने सभी 36 जिलों के जिलाधिकरियों पर लॉकडाउन लगाने का फैसले छोड़ा है. विदर्भ के यवतमाल, अमरावती और अकोला में



कोरोना संक्रमण पिछले दिनों काफी बढ़ा है. वहीं मराठवाड़ा के नांदेड़, लातूर, बीड, हिंगोली में कोरोना का ग्राफ रोज बढ़ रहा है. अमरावती के कलेक्टर शैलेश नवल ने पूरे जिले में वीकेंड लॉक डाउन का ऐलान किया है, कलेक्टर ने शनिवार रात 8 बजे से सोमवार सुबह 7 बजे तक का ये लॉकडाउन लागू करने का आदेश दिया है. अमरावती में कोरोना वायरस के केसेस हर रोज बढ़ रहे हैं और अगर आने वाले दिनों में केस कम नहीं होते हैं तो लॉकडाउन आगे भी जारी रहेगा और आगे चलकर लॉकडाउन की शर्तों को और भी सख्त किया जा सकता है.

## तमिलसाई सुंदरराजन ने पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में ली शपथ

**पुडुचेरी ।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद की शपथ ली। सौंदर्यराजन को पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मद्रास



उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी ने राज निवास में आयोजित सादे समारोह में सौंदर्यराजन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने तमिल में शपथ ली। इससे पहले पुडुचेरी सरकार के मुख्य सचिव अश्विनी कुमार ने तमिलिसाई सौंदर्यराजन को केन्द्र शासित क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने संबंधी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का 16 फरवरी का आदेश पढ़कर सुनाया।

## पश्चिम बंगाल में मंत्री पर बम से हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के श्रम राज्य मंत्री जाकिर हुसैन बम से हुए हमले में घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मुर्शिदाबाद जिले के निमतिता रेलवे स्टेशन के बाहर हुआ। कुछ अज्ञात लोगों ने एक के बाद एक कई बम उन्हें निशाना बनाते हुए फेंके, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। उनके अलावा करीब एक दर्जन समर्थक भी जख्मी हुए हैं। मंत्री जाकिर हुसैन के शरीर के बाएं हिस्से में ज्यादा चोट आई है। खासतौर पर पैर में ज्यादा जख्म है। पुलिस की ओर से अब तक इस पर कोई बयान नहीं आया है, लेकिन टीएमसी के मुर्शिदाबाद जिले के अध्यक्ष अबू ताहिर खान ने बताया है कि जाकिर हुसैन को जंगीपुर सरकारी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। यही नहीं, उन्हें जल्दी ही



कोलकाता शिफ्ट किया जाएगा। बीते कुछ सालों में यह पहला मौका है, जब पश्चिम बंगाल में किसी मंत्री पर इस तरह से हमला हुआ है। खूनी राजनीतिक संघर्ष के गवाह रहे पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले इस हमले से सियासत तेज हो सकती है। हमले की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

## गृहमंत्री अमित शाह ने विजयवर्गीय, रॉय और घोष के साथ खाया खाना

**कोलकाता।** साउथ 24 परगना पहुंचे शाह ने कैलाश विजयवर्गीय, मुकुल रॉय और दिलीप घोष के साथ बांग्लादेश के प्रवासी परिवार के घर पर खाना खाया। उन्होंने अपने दौरे पर राज्य में तूफान और आपदा के मुद्दे को भी उठाया। गृहमंत्री ने कहा कि बीजेपी सरकार अम्फान राहत कोष में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराएगी। साथ ही शाह ने ऐलान किया है कि सत्ता में आने पर राज्य में तूफान और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए एक टास्क



फोर्स का गठन किया जाएगा। सभा के दौरान शाह ने कहा क्या बंगाल में दुर्गा पूजा नहीं होनी चाहिए? इसके लिए अदालत की अनुमति की जरूरत होती है। क्या सरस्वती पूजा नहीं होनी चाहिए? शाह ने कहा, केवल बीजेपी के दबाव के बाद ही उन्हें सरस्वती देवी की पूजा करते देखा गया था। दीदी बंगाल जानता है कि आपने स्कूलों में सरस्वती पूजन रोकी थी। शाह ने दावा किया है कि राज्य में बीजेपी की सत्ता आती है, तो महिलाओं को 33 फीसदी से ज्यादा आरक्षण दिया जाएगा। साउथ 24 परगना जिले के नामखाना गांव में समर्थकों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बीजेपी की जंग बंगाल को सोनार बांग्ला बनाने की है। 5वीं परिवर्तन यात्रा की शुरुआत के दौरान शाह ने कहा कि पार्टी का मकसद ममता बनर्जी की सरकार को हटाना नहीं है।

## भारतीय सेना ने ड्रैगन को दी कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली।** एलएसी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन से तनाव के बीच भारतीय सैनिकों ने बड़ा धैर्य दिखाते हुए परिस्थितियों का



सामना किया। अब ड्रैगन पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे से अपने सैनिकों और सैन्य साजो-सामान को हटा रहा है। भारतीय सेना चीन की एक-एक हरकत पर कड़ी नजर बनाए हुई है। नादर्न कमांड के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल वाईके जोशी ने बताया कि कैसे भारतीय सेना ने मुश्किल परिस्थितियों में ड्रैगन को टक्कर दी। उन्होंने बताया कि कई बार सेना के जवानों ने जुगाड़ तकनीक का इस्तेमाल कर मुश्किलों पर विजय पाई। लेफ्टिनेंट जनरल जोशी ने कहा, किसी ने कभी सोचा भी नहीं होगा ।






### 20 हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती में

## किसानों का रेल रोको प्रदर्शन शांतिपूर्ण

**नई दिल्ली। कृषि कानूनों के खिलाफ गुरूवार को किसानों ने देशभर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक ट्रेनें रोकीं। इस प्रदर्शन का हरियाणा-पंजाब में ज्यादा असर दिखा दोनों राज्यों के कई बड़े शहरों में प्रदर्शनकारी ट्रैक पर बैठ गए। इधर, राजस्थान में जयपुर और आस-पास के इलाकों में भी ट्रेनें रोकी गई। जयपुर में जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन का ज्यादा असर देखा गया। इसके अलावा अलवर, बूंदी, कोटा, झुंझुनू और हनुमानगढ़ में भी प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोक दीं। मप्र में भी कुछ जगह रेलवे स्टेशन और रेल ट्रैक पर प्रदर्शन किया गया। वहीं हरियाणा के खरक पुनिया में बीकेयू नेता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार को एक तरह से खुली धमकी दी है कि केंद्र सरकार को किसी भी तरह कि गलत धारणा नहीं होना चाहिए कि किसान फसल की कटाई के लिए वापस जाएंगे।**



टिकैत ने कहा कि अगर वे जोर देते हैं, तो हम अपनी फसलों को जला देंगे। सरकार को ये नहीं सोचना चाहिए कि विरोध 2 महीने में खत्म हो जाएगा। हम फसल के साथ-साथ विरोध करेंगे। सरकार पर निशाना साधते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि फसलों की कीमतों में इजाफा नहीं हुई है, लेकिन ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं। अगर केंद्र ने स्थिति को बर्बाद कर दिया, तो हम अपने ट्रैक्टरों को पश्चिम बंगाल में भी ले जाएंगे। किसानों को वहां भी एमएसपी नहीं मिल रही। दिल्ली में प्रदर्शनकारियों ने मोतीनगर के पास ट्रैक जाम कर दिया। वहीं किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए मेट्रो प्रबंधन भी अलर्ट था। एहतियात के तौर पर टीकरी बॉर्डर मेट्रो स्टेशन, पंडित श्रीराम शर्मा, बहादुरगढ़ सिटी और ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए। थेकिसानों के रेल रोकने के ऐलान को देखते हुए देशभर में रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स की 20 एक्स्ट्रा कंपनियां यानी करीब 20 हजार अतिरिक्त जवान तैनात किए थे। इनमें से ज्यादातर को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैनात किया गया। किसान इस बात पर अड़े हैं कि सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले। भारतीय किसान यूनियन (हरियाणा) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी ने एक बार फिर कहा है कि उनका संगठन किसानों के हितों के लिए लड़ रहा है और नए कृषि कानूनों की वापसी तक वे अपने घरों को नहीं लौटेंगे। चंढूनी ने कहा कि देशभर में पंचायत और महापंचायत जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार आम लोगों की नहीं बल्कि कॉरपोरेट्स की है।

## देश में रेल रोको अभियान के तहत चौराहा स्टेशन पर पहुंचे अखिल भारतीय किसान मोर्चा के सदस्य



# तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने हेतु राष्ट्रपति के नाम स्टेशन मास्टर को दिया ज्ञापन



**गोहद।** देश में चल रहे किसानों के आंदोलन के तहत रेल रोको अभियान की कड़ी अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा भिंड के सदस्य गोहद चौराहा स्टेशन पर पहुंचे जहां केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्पति के नाम स्टेशन मास्टर दिनेश भदोरिया को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि मॉडल मंडी एक्ट वापस लिया जाए, ठेका खेती पद्धति कानून वापस लिया जाए, आवश्यक वस्तु अधिनियम प्रावधान खत्म कर जमाखोरी के लिए दिए गए अधिकार संबंधी कानून वापस किए जाएं ,स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर लागत डेढ़ गुना कीमत की गारंटी कानून बनाया जाए ,प्रस्तावित विद् युत अधिनियम 2020 वापस लिया जाए इस मौके पर प्रेम नारायण माहोर भूपेंद्र सिंह गुर्जर गुड्डी माहोर शोभा माहोर वीरेंद्र सिंह राजेंद्र कुशवाहा धनीराम कुशवाहा सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



## श्योपुर के किसानों ने कोटा -बूंदी रेल रोको आंदोलन में लिया भाग

**श्योपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा के देश व्यापी आह्वान के अंतर्गत गुरुवार को दोपहर 12:00 से 4:00 बजे तक रेल रोको आंदोलन में श्योपुर के किसानों ने बूंदी जिले के गुढला फाटक (कोटा - दिल्ली ट्रेक) पर जाकर रेल रोको आंदोलन में भाग लिया ।किसान स्वराज संगठन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम



मीणा मूंडला ने रेलवे ट्रैक पर दिए गए धरना पर उपस्थित राजस्थान के किसानों को संबोधित करते हुए कहा की कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संसदीय क्षेत्र श्योपुर में किसानों ने व्यापक आंदोलन किया है क्योंकि तीन कृषि कानून किसानों के लिए मोत का फरमान है जब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य का गांरटी कानून नहीं बनता तब तक किसानों की उन्नति नहीं हो सकती है । रेल रोको आंदोलन में सम्मिलित होने वाले राजेंद्र ननावद, जसवंत सिंह बछेरी, दिलखुश कुआंजापुर, दिनेश मीणा बोरदादेव उपस्थित रहे ।

### संक्षिप्त समाचार

## राम मंदिर निर्माण के लिए ओ पी एस भदोरिया राज्यमंत्री ने किया 5 लाख रुपए का चेक भेंट किया

मेहगांव



श्री राम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान अपने अंतिम दौर पर है देशभर में राम मंदिर के निर्माण के लिए राम में माहौल कर दिया है राम मंदिर के लिए गरीब अमीर सभी दिल खोलकर दान दे रहे हैं इसी अभियान में मेहगांव से राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया जी ने भी राम मंदिर के निर्माण के लिए अपने रेस्ट हाउस पर पहुंचकर अपना समर्पण किया उन्होंने कहां पूर्वजों के त्याग और बलिदान को आज सार्थक रूप मिला है अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलेगी मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं जो राम मंदिर निर्माण होते हुए देख रहा हूं हिंदुत्व की प्रतिष्ठा इस राम मंदिर को भव्य रूप देने हेतु है

## किसान संघर्ष पद यात्रा 20 को गोरमी में

**पंकज त्रिपाठी प्रदेश ब्यूरो प्रमुख, (दैनिक पुष्पांजली टुडे)।**

**भिण्ड।** जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष जय श्री राम बघेल ने यात्रा प्राभारी नियुक्त किए।जिला प्रवक्ता ने बताया कि जिला कांग्रेस द्वारा किसान संघर्ष पद यात्रा 20 फरवरी को गोरमी में आयोजित की जा रही हैं जिसमे कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रूप से की है। इस यात्रा को सफल बनाने हेतु व्यवस्था जगह जगह स्वागत के लिए प्रभारी बनाए गए है। जिनमे श्री संजीव करैया मंडल अध्यक्ष गोरमी ,श्री विजय कुमार बरैया ,सु कांड से श्री भानु प्रताप सिंह बबलू गुर्जर ,टेकरी श्री अतर सिंह सरपंच सिकरौदा ,श्री चरण सिंह सरपंच, श्री मुकेश थापक, श्री अभिलाष बघेल ,श्री प्रदीप थापक, श्री कमलेश नरवरिया हसनपुरा , को जिम्मेदारी सौंपी है यात्रा सुबह 11 बजे से गोरमी से प्रारंभ होकर कचनाव गाँव तक निकली जाएगी जँहा एक जनसभा का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए तीन काले कानून को वापस लेने की मांग की जाएगी।जिसमें प्रदेश और संभाग के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे।

## नगर कोंग्रेस कमेटी बिजलीघर का 19को घेराव करेगी

**पंकज त्रिपाठी,(दैनिक पुष्पांजली टुडे)**

**भिण्ड।** नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष संजय भूता ने बताया कि दिनांक 19 फरवरी को दिन के 11 बजे विधुत वितरण कंपनी बिजली घर का घेराव किया जा रहा है विधुत विभाग के द्वारा असहनीय बिजली बिल भेज कर एवं समस्त उपभोक्ता का जिसमे आम आदमी किसान , गरीब , मज़दूर छोटा व्यापारी लगभग सभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जा रहे , साथियो हम सभी कोंग्रेस के कार्यकरता उनका साथ देकर अपने कर्तव्यो का पालन करते हुए कोंग्रेस सभी के साथ कि नीति का पालन करे विनम्रता के साथ घेराव प्रदर्शन करने की अपील की है।

## अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की कार्यशाला का निरीक्षण किया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, (दैनिक पुष्पांजली टुडे)**



**भिण्ड।** कलेक्टर वीरेंद्र सिंह रावत के निर्देशानुसार जिले में लंबित शिकायतों के निराकारण हेतु लोक सेवा प्रबंधन विभाग के निर्देशन में विभिन्न विभागों की वर्कशॉप आयोजित की जा रहीं हैं। उसी क्रम में आज ऊर्जा विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग की कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसका अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल ने ई-दक्ष केन्द्र भिण्ड में निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल ने निर्देश दिए कि जो अधिकारी अपने स्तर पर लंबित शिकायतों को समय सीमा में अटेंड करेंगे एवं संतुष्टि कारक निराकरण दर्ज करेंगे, शिकायत अटेंड ना करने पर सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रति शिकायत के मान से 100 रुपए की पेनल्टी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी में जमा करवाने के निर्देश लोक सेवा प्रबंधन विभाग को दिए। आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु चयनित विषयों जिसमें नगर पालिका की अवैध कब्जे आदि की एट्रीब्यूट है में लंबित शिकायतों के तत्काल निराकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपीईबी को बिजली बिल में गड़बड़ी एवं ट्रांसफार्मर से सम्बंधित शिकायतों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिला प्रबंधक लोक सेवा श्री भानु प्रजापति द्वारा सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का प्रशिक्षण दिया शिकायतों के समय सीमा में अटेंड करने, समाधान ऑनलाइन की प्रॉपर रिपोर्टिंग, फीडिंग करने, शिकायतों के प्रारूप बदलने एवं अन्य नवीन सेवाओं के प्रशिक्षण दिए। रोस्टर अनुसार अनुपस्थित दोनों विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ सूचना नोटिस जारी करने के निर्देश अपर कलेक्टर श्री चांदिल ने दिए।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए 108 भिंड जिले से

## दो पायलटों सहित ईएमटी का भोपाल में हुआ सम्मान



भिंड जिले के 108 इमरजेंसी एंबुलेंस में दो पायलेट और पदस्थ ईएमटी को उत्कृष्ट कार्य करने पर भोपाल में किया गया सम्मानित वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए भिंड जिले से मालनपुर थाना 108 लोकेशन के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी और भिंड कोतवाली थाना के ईएमटी दीपक शुक्ला और पायलट संजय चौहान को मध्यप्रदेश में 108 सेवा का संचालन करने वाली जिकित्सा हेल्थ केयर लिमिटेड द्वारा भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर भिंड जिला प्रभारी जोगिंदर राठौड़, एवं संभागीय ऑपरेशन मैनेजर आशीष कौरव ब प्रोजेक्ट हेड श्री जितेंद्र शर्मा कंपनी के सी,ई,ओ, श्री अमिताभ जयपुरिया जी, मध्य प्रदेश प्रोजेक्ट हेड अमित पटकी जितेंद्र राठौर और ऑपरेशन हेड गौरव वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया एवं संपूर्ण मध्यप्रदेश से आए हुए 108 के कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित रहे।



सीरवी समाज की लोकप्रिय समाज सेविका

## अनिता चोयल को प्रसासन द्वारा संम्मानित किया गया

**प्रेस नारायणलाल सैणचा**

मध्यप्रदेश। बड़वानी सड़क सुरक्षा सजगता अभियान माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु। जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर आदरणीय पुलिस अधीक्षक महोदय निमेष अग्रवाल, यातायात थाना प्रभारी गिरीश कुमार के द्वारा हमारी समाज की लोकप्रिय समाज सेविका अनिताजी चोयल बहन को सम्मानित किया गया। उनके इस सम्मान के लिए बहुत बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## ग्राम पंचायत शिवपूरा के रा उ माँ विधालय मे अध्यापकों की कमी

**नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ**



**सोजत।** ग्राम पंचायत शिवपूरा के रा उ माँ विधालय का सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम वार्ड पंच जलालुद्दीन ने निरिक्षण किया और बच्चो से सवाल जवाब किये और उनको बताया की मेहनत करो जिसे अपने माता पिता अद्यापक सभी का नाम रोशन करे और आगे बड़े बच्चो ने अपनी समस्या बताई जिसमे की इंग्लिश और हिंदी के अध्यापको की कमी बताई इससे 12ह्न्द्ध बोर्ड की परिक्षा नजदीक है तो बच्चो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है नेमाराम ने कहा की शिक्षा विभाग को इसके बारे मे जल्दी से सूचना देगे जिसे बच्चो की पढाई निर्णतर चलती रहे।

## बैंक मैनेजर के साथ हुई लूट का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**संदीप प्रधान**



**दतिया।** पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मौर्य एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग दतिया श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में दिनांक 09.02.21 को ग्राम उपराय ग्रामीण बैंक के मैनेजर के साथ हाईवे पर हुई लूट के आरोपी अशोक कुशवाह निवासी निदान का कुआं दतिया के कब्जे से लूट का सामान एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं घटना के अन्य दो आरोपी गण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना सिविल लाइन उनि0 प्रियंका यादव ,उपनिरीक्षक संजेश सिंह भदोरिया, सहायक उपनिरीक्षक विलियम सारस ,आरक्षक 215 भूपेंद्र सिंह राणा ,आरक्षक 525 राजकुमार ,आरक्षक 607 हेमंत ,आरक्षक 77 संजेश ,आरक्षक 345 शिवकुमार ,आरक्षक 757 गजराज सिंह ,आरक्षक चालक लाखन सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।






## उपभोक्ता अदालतें फर्जी, धोखाधड़ी, गढ़े दावों को आगे बढ़ाने के लिए वाहन नहीं है - पचास हजार का जुर्माना - राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

# शिकायतकर्ता ग्राहकों को झूठे दावे पेश करने से बचना चाहिए, अन्यथा जुर्माने और कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें - एड किशन भावनानी

**गोंदिया।** भारतीय न्यायपालिका में न्याय पाने के लिए अनेक विकल्प खुले हुए हैं और अलग-अलग अदालतें, मंच आयोग बने हुए हैं जो संविधान और संबंधित कानूनों के दायरे में बिना किसी भेदभाव व जटिल प्रक्रिया के पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई संचालित कर उचित व सही न्याय प्रेषित करते हैं और यदि दोनों पक्षों में से एक को या दोनों को उस न्यायिक निर्णय में कुछ आपत्ति प्रतीत होती है, तो उसके ऊपर वाली कोर्ट में अपील दर्ज करा सकते हैं और यह प्रक्रिया अंतिम स्तर तक यानें सुप्रीम कोर्ट तक भी चल सकती है। बड़े बुजुर्गों की यह कहावत कि,÷सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों÷, से यह न्यायिक प्रक्रिया में तो पूरी तरह फिट बैठती है। यदि कोई पक्ष किसी फर्जी झूठे या गड़े हुए किसी मुद्दे को आधार बनाकर न्यायिक प्रक्रिया में उतरता है और धोखाधड़ी के मंसूबों को पालकर अवैध लाभ या किसी तरह का ग़लत फायदा पाने की कोशिश करता है तो, न्यायिक प्रक्रिया में किसी न किसी स्तर पर उसकी पोल खुल जाती है और कानूनी कार्रवाई और जुर्माने की सजा का भागी हो जाता है।...बात अगर हम उपभोक्ता न्यायालय की करें तो ऐसे भी कुछ मामले आजाते हैं जहां ग्राहक, सेवा या वस्तु आपूर्तिकर्ता को, पैसे एंठनें के लिए फर्जी गड़े व धोखाधड़ी वाले मुद्दों को आधार बनाकर उपभोक्ता न्यायालयों में मामले दर्ज करवाते हैं, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं और उपभोक्ता अदालतों दोनों के समय और धन की हानि होती है,पर जीत आखिर सच्चाई की होती है और फर्जी शिकायत करताओं को कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माने से पीड़ित होना पड़ता है...ऐसा ही एक मामला बुधवार दिनांक 10 फरवरी 2021 को माननीय राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग दिल्ली के माननीय श्री दिनेश सिंघल (प्रेसिडिंग मेंबर) की, सिंगल जज बेंच के सम्मुख प्रथम अपील क्रमांक 828/2013 जो के महाराष्ट्र राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के पास शिकायत क्रमांक 78/2007 दिनांक 24 सितंबर 2013 से उत्पन्न हुई थी, जो शिकायतकर्ता बनाम न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड व अन्य के रूप में आया, जिसमें माननीय बेंच ने अपने चार पृष्ठों के आदेश में कहा कि, राज्य आयोग ने अच्छी तरह से मूल्यांकन और अच्छी तरह से तर्क वाला आदेश पारित किया है और साबित कर दिया है कि बीमाकर्ता पर दायर दावा नकली गढ़ा हुआ और धोखाधड़ी दायक है और उसको आगे बढ़ाने के लिए उपभोक्ता अदालत कोई वाहन नहीं है। इस सख्त टिप्पणी के साथ याचिकाकर्ता को ?50 हज़ार का जुर्माना लगाकर दावा खारिज कर दिया आदेश कॉपी के अनुसार बेंच ने,न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध बीमा शिकायत के संबंध में एक अपील सुनी। यह अपील उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 19 के तहत दर्ज की गई थी।पृष्ठभूमि-शिकायतकर्ता, ने 2005-2006 की अवधि के लिए रु. 1 करोड़ की राशि के लिए पारगमन में अपने सामान के लिए आश्वासन से बीमा पॉलिसी ली। 2005 में,



याचिकाकर्ता के स्वामित्व वाले ट्रक द्वारा दवाओं का एक खेप भेजा गया। पारगमन के दौरान, यह ट्रक एक दुर्घटनाग्रस्त हों गया,और इस प्रकार, शिकायतकर्ता ने रु.31,35,841 का दावा किया। न्यू इंडिया एश्योरेंस ने इस दावे को खारिज कर दिया जिसके चलते शिकायतकर्ता ने महाराष्ट्र राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के तहत एक शिकायत दर्ज की गई। हालांकि, 2013 के एक आदेश के माध्यम से, राज्य मंच ने शिकायत को खारिज कर दिया।व्यथित, शिकायतकर्ता ने राष्ट्रीय आयोग में एक अपील दायर की।हालांकि, बर्खास्तगी का अच्छी तरह से तर्क दिया गया था।परित्याग 2006 में जांच रिपोर्ट पर आधारित था।जांच रिपोर्ट-जांचकर्ता ने रिपोर्ट का निष्कर्ष निकाला और यह साबित कर दिया गया कि, बीमा धारक द्वारा दावा नकली, गढ़े और धोखाधड़ी था.यह देखा गया कि बीमा का अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए बीमा धारक स्वयं अपना सामान क्षतिग्रस्त कर चुका था। उसने यह भी उल्लेख किया कि माल एक ही वाहन में ले जाया गया परंतु विभिन्न कंपनियों से संबंधित माल क्षतिग्रस्त नहीं थे। प्रस्तुत किए गए दस्तावेज नकली थे और आगे, माल उन पार्टियों के पास भेजा जा रहा था जो दवा के सामान के व्यापार में संलग्न नहीं हैं, वहां पुलिस भी नहीं थी। दुर्घटना भी ऐसी नहीं थी कि सामान वाहन से बाहर गिर सकता था।इस प्रकार, परिस्थितिजन्य साक्ष्य बीमाकर्ता का सदाशयी इरादा साबित हुआ। इसके आधार पर, बीमा कंपनी ने शिकायतकर्ता को अपने पत्र में यही कारण बताते हुए दावे का खंडन किया। पीठासीन बेंच ने कहा कि यह बहुतायत से जांच रिपोर्ट और अस्वीकरण पत्र से स्पष्ट था कि शिकायतकर्ता द्वारा किया गया दावा कपटपूर्ण था बीमा कंपनी द्वारा जांच बीमाकर्ता को देय राशि का निर्धारण करने में मौलिक है अन्वेषण बिना ठोस कारणों के जाँच नहीं की जा सकती या खारिज नहीं की जा सकती (यह, परंतु साथ ही यह भी कहा जाता है कि जांच में अभिलिखित औचित्य को विश्वसनीय होना चाहिए और जांच में विश्वास होना चाहिए) बेंच ने आगे कहा कि, रिपोर्ट अच्छी तरह से तर्कसंगत थी, तथ्यों का पता लगाया गया और उसके निर्णय में तर्कसंगत था। जांच-पड़ताल पर कोई भी कारण या प्रश्न नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मंचों ÷नकली, गढ़े और धोखाधड़ी÷ के दावों को आगे बढ़ाने के लिए वाहन नहीं थे, जैसा कि, शिकायतकर्ता ने किया था। इस प्रकार, गलत नियोजित अपील के लिए, आयोग ने शिकायत को खारिज करते हुए, शिकायतकर्ता को रु. 50,000/- का खर्च लगाया। यह चार सप्ताह के भीतर चुकाया जाना चाहिए और राज्य आयोग कानूनी तौर पर कार्रवाई कर सकता है।

**संकलनकर्ता कर विशेषज्ञ एड किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र***

## नगर निगम के वार्ड 10 में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया



**मुरैना।** निगम के वार्ड क्रमांक 10 जौरी के पीछे कुछ लोंगो ने शासकीय जमीन पर मिट्टी भरवाकर अवैध कब्जा कर लिया था। जिसे आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता के निर्देशन में निगम के मदाखलत उड़नदस्ता टीम के प्रभारी श्री रिषीकेश शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमणकारियों से करीबन 50 लाख रूपये की कीमत की शासकीय भूमि को मुक्त कराया।

## प्रारूप मतदाता सूची पर प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण के निर्देश

**मुरैना।** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की एक जनवरी 2021 की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियाँ प्राप्त किये जाने की कार्यवाही नियत थी। जिसमें कतिपय जिलों से प्राप्त दावे-आपत्तियों पर बिना जांच, नाम विलोपित किये जाने की शिकायतें आयोग को प्राप्त हो रही है। तत्संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया है कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्राधिकृत कर्मचारी उनके द्वारा प्राप्त दावे आपत्तियों पर तथा विशेष रूप से आपत्तियों जिनमें मतदाताओं के नाम काटे जाने का प्रस्ताव है

## कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यूनिफार्म डिजाईन कर जीतें नगद पुरस्कार प्रविष्टि की अंतिम तिथि 25 फरवरी

**मुरैना।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यूनिफार्म डिजाईन में बदलाव किया जा रहा है। इस हेतु स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा पोर्टल पर विद्यार्थियों के लिए यूनिफार्म डिजाईन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 25 फरवरी 2021 तक किया गया है।

## पटवारी बीपीएल के पात्र व्यक्तियों के अकारण आवेदनों को निरस्त न करें



**मुरैना।** प्रायः जनसुनवाई में या फील्ड विजिट में मेरे सामने कई ऐसे आवेदन आते है कि पात्र व्यक्ति बीपीएल का आवेदन ऑनलाइन करता है, किन्तु बिना स्पॉट देखे हुये पटवारी उन आवेदनों को निरस्त कर देते है। इस प्रकार के आवेदन आगे मुझे प्राप्त हुये तो ऐसे पटवारियों के खिलाफकार्रवाही करूंगा। ये निर्देश कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने गत दिवस ग्राम धौंधा में भ्रमण के समय राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर धौंधा में निर्माण कार्यो का अवलोकन रहे थे, इस दौरान धौंधा की कमला पत्नि लालूराम ने आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें श्रीमती कमला ने कहा है कि मैंने बीपीएल कार्ड बनवाने के लिये कई बार आवेदन ऑनलाइन कराया है, किन्तु पटवारी स्पॉट जांच-परखें बिना ही आवेदन को निरस्त कर देते है। इस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुये एसडीएम जौरा को आवेदन प्रस्तुत किया और स्पष्ट निर्देश दिये कि इस आवेदन की वस्तुस्थिति को देखे। बीपीएल पात्र व्यक्ति सभी बिन्दुओं के नॉर्मस पूरा करता है तो उसका बीपीएल कार्ड बनाया जाये और उस पटवारी के खिलाफ सख्त कार्वाही की जाये। कलेक्टर ने समस्त पटवारियों को निर्देश दिये है कि शासन की योजनाओं का लाभ लोंगो को मिले, पटवारी पात्र व्यक्तियों का बीपीएल कार्ड अवश्य बनवायें।

## कलेक्टर ने 22 आदतन अपराधियों का किया जिला बदर

जिला दण्डाधिकारी मुरैना श्री बी. कार्तिकेयन ने पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पाण्डेय के प्रस्ताव पर 22 आदतन अपराधियों का जिला बदर किया है। इन 22 आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी मुरैना श्री कार्तिकेयन ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिन 22 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, उनमें ग्राम थोगापुरा थाना दिमनी निवासी 60 वर्षीय भूरे उर्फभूरा पुत्र अल्लादीन मुसलमान, नंदपुरा पोरसा निवासी 40 वर्षीय संतोष सिंह पुत्र गजराज सिंह तोमर, हनुमान का पुरा थाना सिंहोनिया निवासी 30 वर्षीय रामवीर पुत्र रामप्रसाद सखवार, ग्राम सिंहोनिया निवासी 35 वर्षीय अमर सिंह पुत्र सेवाराम, ग्राम छत का पुरा निवासी 30 वर्षीय रामकेश पुत्र चूरामन सखवार, ग्राम पांचोली निवासी 33 वर्षीय मनोज उर्फअजीत सिंह पुत्र रामसिंह तोमर, ग्राम सिंहोनिया निवासी 39 वर्षीय कल्लू तोमर पुत्र अनंग सिंह पाल तोमर, ग्राम बघेल निवासी 36 वर्षीय महावीर पुत्र रामलखन सखवार, ग्राम जारह निवासी 46 वर्षीय महेन्द्र कुशवाह पुत्र पुन्ना कुशवाह, ग्राम माता बसैया निवासी 45 वर्षीय शिवसिंह उर्फशिब्बू पुत्र जसवंत सिंह कुशवाह, ग्राम गढ़ीखेरा थाना सुमावली निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र परमाल कुशवाह, कैलोदा हाल जरेरूआ पेट्रॉल पंप के पास थाना नूरावाद निवासी धनिया उर्फधनीराम पुत्र कन्हैयालाल कुशवाह, जाटव मोहल्ला नूरावाद निवासी जीतू उर्फजितेन्द्र उर्फभर्रा पुत्र रामहेत जाटव, ग्राम रजौधा थाना नगरा निवासी 42 वर्षीय टाटा उर्फउम्मेद सिह तोमर पुत्र मुन्नी सिंह तोमर, ग्राम टेंटरा निवासी 30 वर्षीय हरीसिंह पुत्र भौंरू जाटव, ग्राम गढ़ीखेरा थाना सुमावली निवासी 32 वर्षीय अतिपाल पुत्र केशव उर्फकेशवलाल कुशवाह, ग्राम जनकपुर थाना सिविल लाइन निवासी 39 वर्षीय पुलंदर गुर्जर पुत्र बकील सिंह गुर्जर, ग्राम जारौली थाना रामपुरकलां निवासी 40 वर्षीय सुरेश पुत्र अर्जुन जाटव, ग्राम जींगनी थाना माता बसैया निवासी 55 वर्षीय कैलाशी पुत्र राजाराम राठौर, ग्राम धौर्रा थाना नगरा निवासी 40 वर्षीय राघवेन्द्र सिंह तोमर पुत्र विजयसिंह तोमर, ग्राम पिपरई थाना सरायछोला निवासी 24 वर्षीय टिंकू उर्फरविन्द्र जाटव पुत्र दयाराम जाटव, ग्राम बंधा थाना सरायछोला निवासी 27 वर्षीय रवि पुत्र फेदलिया धोबी के नाम शामिल है।

## मुरैना जिले के 5 हजार 549 स्ट्रीट वेण्डर्स हुये लाभान्वित



**मुरैना।** कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्र में जिन छोटे व्यवसाईयो के धंधे चौपट हो गए थे, ऐसे परेशान जरूरतमंद व गरीब परिवारों की मदद के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की गई है। गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ग्रामीण स्ट्रीट वेण्डर्स को व्यवसाय फिर से शुरू करने के लिए 10-10 हजार रूपये ब्याजमुक्त सहायता राशि वितरित करने संबंधी स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुरैना जिले की मुरैना, जौरा, अम्बाह की जनपद पंचायत मुख्यालयों पर देखा गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्ट्रीट वेण्डर्सो को 10-10 हजार रूपये के ब्याज मुफ्त सहायता राशि वितरण करने संबंधी स्वीकृति पत्र प्रदान किये, जिसमें मुरैना जिले के 5 हजार 549 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इन हितग्राहियों को 5 करोड़ 54 लाख 90 हजार रूपये के ऋण स्वीकृत पत्र जारी किये है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आरके गोस्वामी के साथ ही जिला लीड बैंक प्रबन्धक श्री कर्नल कुमार सहित जिला परियोजना प्रबन्धक दिनेश सिंह तोमर, जिला प्रबन्धको में श्री वीरेश भदौरिया, श्री द्वारिका प्रसाद धाकड़, श्री दिवाकर शर्मा, श्री अमित राजपूत, मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफसे जनपद जौरा, मुरैना, अम्बाह की तरफसे 30 हितग्राही भी उपस्थित है।

## मुरैना जिले में 122.01 लाख मानव दिवस सृजित किये 3 हजार 980 निर्माण कार्य पूर्ण

**मुरैना।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लेबर बजट लक्ष्य 108.62 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 122.01 लाख मानव दिवस सृजित किये जा चुके है, जो कुल लेबर बजट का 112.32 प्रतिशत है। जिले को वर्ष 2020-21 में 108.62 लाख मानव दिवस का भौतिक लक्ष्य एवं 36 हजार 460 लाख रूपये का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके विरूद्ध 122.1 लाख मानव दिवस सृजित किये गये, जिस पर 36 हजार 450 लाख रूपये से अधिक का व्यय किया गया। जो लक्ष्य का 112 प्रतिशत तथा वित्तीय लक्ष्य की शतप्रतिशत उपलब्धी है। चंबल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना के अन्तर्गत 9 हजार 851 निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिनमें से अभी तक 3 हजार 980 निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष 5 हजार 871 निर्माण कार्य प्रगतिरत है। श्री सिंह ने बताया कि मनरेगा के अन्तर्गत अम्बाह जनपद पंचायत में स्वीकृत 669 कार्यो में से 372 निर्माण कार्य पूर्ण किये गये है। जौरा जनपद पंचायत में 1 हजार 474 स्वीकृत निर्माण कार्यो में से 521, कैलारस जनपद पंचायत में 1 हजार 794 स्वीकृत निर्माण कार्यो में से 756, मुरैना जनपद पंचायत में स्वीकृत 1 हजार 205 निर्माण कार्यो में से 639, पहाडगढ़ जनपद पंचायत में 1 हजार 982 स्वीकृत निर्माण कार्यो में से 721, पोरसा जनपद पंचायत में 1 हजार 59 स्वीकृत निर्माण कार्यो में से 519 और सबलगढ़ जनपद पंचायत में 1 हजार 668 स्वीकृत निर्माण कार्यो में से 452 निर्माण कार्य पूर्ण किये गये है।

### 10 बसों पर जुर्माना, एक बस बिना परमिट की पकड़ी

# अधिक किराया वसूली व ओवरलोडिंग बसों पर आरटीओ ने की कार्रवाही

**मुरैना।** अम्बाह रोड़ पर ओवरलोडिंग सवारियों को लेकर दौड़ रही बसों द्वारा सवारियों से अधिक किराया वसूली की लगातार मिल रही शिकायत पर से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार द्वारा चैकिंग पॉइंट लगाकर कार्रवाही की गई। इस दौरान 10 बसों से जुर्माना वसूला गया तो वहीं एक बस बिना परमिट के पकड़ी गई, जिस पर मोटा जुर्माना किये जाने की कार्रवाही चल रही है। आरटीओ श्रीमती अर्चना परिहार द्वारा इस कार्रवाही को अंजाम दिया गया, जिससे बिना परमिट एवं क्षमता से अधिक सवारियां भरकर बसों को दौड़ा रहे बस ऑपरेटरों में हड़कंप मच गया। आरटीओ श्रीमती अर्चना परिहार को लगातार शिकायतें मिल रहीं थी कि अंबाह पोरसा मार्ग पर क्षमता से अधिक सवारियां भरकर




दौड़ाई जा रही है, साथ ही सवारियों से अधिक किराया वसूला जा रहा है। उक्त सूचना पर से बुधवार को दोपहर आरटीओ द्वारा दल बल के साथ दिमनी थाना के नजदीक मार्ग पर चैकिंग पॉइंट लगाया गया, इस दौरान 10 बसों पर 14 हजार 500 रूपये का जुर्माना किया गया तो वहीं एक बस क्रमांक एमपी-06-पी-1051 बिना परमिट के दौड़ती हुई पाई गई। जिसे थाने में रखवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उससे लगभग 50 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया जायेगा। इस कार्रवाही में श्री कौशलेन्द्र भदौरिया, राजकमल सिंह, भानूप्रताप सिंह, जितेन्द्र तोमर सहित परिवहन विभाग के अन्य स्टाफ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अम्बाह-पोरसा के अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों तथा जौरा रोड़ पर तमाम बसे क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर अथवा बिना परमिट के दौड़ रही है, इसके अलावा अन्य टैक्सी भी कंडम हालत में इन मार्गो पर क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ले जा रही हैं, जिससे आये दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। आरटीओ मुरैना को चाहिये कि वह उक्त कार्रवाही को निरंतर जारी रखें और ऐसे सभी वाहनों पर कार्रवाही की जाये, जो वाहनों में सवारियों को गाजर-मूली की तरह भरकर दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे है।

## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने अनेतिक रूप से चलने वाले सवारी वाहनों पर चालान की कार्वाही की




परिवहन आयुक्त के निर्देशों के तहत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चंबल संभाग के साथ एसएस सिकरवार, प्रभारी परिवहन चैक पोस्ट एवं प्रभारी संभागीय परिवहन सुरक्षा स्कॉड चंबल संभाग मुरैना एवं यातायात प्रभारी श्री रोहित यादव के साथ गुरूवार को यात्री बसों की सघन चैकिंग की गई। जिसमें लगभग 74 यात्री वाहनों को विभिन्न स्थानों पर चैक किया। बिना वैध दस्तावेज एवं बिना परमिट के दो यात्री बसों को सरायछोला थाने में, एक बस देवगढ़ थाने में एवं दो अन्य बस यातायात थाने में जब्त कर सुरक्षार्थ रखा गया। चार अन्य छोटे यात्री वाहन विभिन्न थानों में जप्त किये गये। चैकिंग के दौरान यात्री वाहनों से एक लाख 50 हजार 502 रूपये मोटरयान कर वसूल किया गया, यात्री वाहनों से अन्य अपराध में 99 हजार 500 रूपये, समन शुल्क वसूल किया गया। जब्त यात्री वाहनों से लगभग 2 लाख 47 हजार रूपये राजस्व प्राप्त हुआ है। यह कार्रवाही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार के मार्गदर्शन में की गई।

## संपादकीए

### भूकंप की चिंता

देश के अलग-अलग राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। हालांकि पिछने कुछ दिनों में ऐसे ही झटके विदेशों में भी सुनने को मिले हैं। गनीमत सिर्फ यह रही कि कहीं से भी किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली। दो दिन पहले बिहार और अब असम में भूकंप आने की खबर मिली है। भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। कुछ दिन पहले भी जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। दिल्ली सिस्मिक जोन-4 में आता है और हाल के वर्षों में राजधानी और उसके आसपास के इलाके में हल्के झटके आते रहे हैं। धरती के अंदर हुई इस हलचल को दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में महसूस किया गया था। सिस्मिक जोन-5 को भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक खतरनाक माना जाता है। दिल्ली, पटना, श्रीनगर, कोहिमा, पुडुचेरी, गुवाहाटी, गंगटोक, शिमला, देहरादून, इंफाल, चंडीगढ़, अंबाला, अमृतसर, लुधियाना, रुड़की सिस्मिक जोन-4 व 5 में हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर बिहार और अंडमान-निकोबार के कुछ इलाके जोन-5 में शामिल हैं। भारत में समय-समय पर भूकंप के खतरों पर चर्चा चलती रहती है। कुछ साल पहले नेपाल में आए भयानक भूकंप के बाद तो भारत में खतरे वाले शहरों को लेकर चिंता बढ़ गई थी। लेकिन हकीकत यह है कि आज तक हम जागरूकता और एहतियात के उस पैमाने के पास भी नहीं पहुंच सके हैं, जो इस बात के लिए आश्वस्त कर सके कि आपदा का सामना करने के लिए भारत तैयार है। हर बार हमारी तैयारी को शक की निगाह से ही देखा जाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि देश के 38 शहर हाई रिस्क जोन में हैं। अहमदाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च के विशेषज्ञों का मानना है कि कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के नीचे भूकंपीय खाइयां मौजूद हैं, जिनके चलते यहां अगले 50 वर्षों के अंदर कभी-भी नेपाल जैसा भूकंप आ सकता है। वर्ष 2001 में गुजरात में आए भूकंप के बाद देश में इस मामले को लेकर जागरूकता कुछ हद तक बढ़ी है। बड़े शहरों में ज्यादातर भूकंप-रोधी इमारतें ही बन रही हैं। जो नई मल्टीस्टोरी रिहायशी कॉलोनियां बसी हैं, उनमें से ज्यादातर में ढांचे के मामले में एहतियाती उपाय किए गए हैं। फिर भी कई जगहों पर बिल्डिंग कोड का पालन नहीं होता। खासकर कम ऊंची इमारतों के मामले में, और वह भी निजी निर्माण में। ऐसा उन जगहों पर भी हो रहा है, जो भूकंप के हिसाब से संवेदनशील मानी जाती हैं। समय आ गया है कि भूकंप को लेकर एक राष्ट्रीय योजना पर काम किया जाए।

# बोल्सेनारो और जॉनसन से भिन्न है पीएम मोदी का करिश्मा

**जयप्रकाश पाराशर**

**में जैसे ही डोनाल्ड ट्रंप के जाने और डेमोक्रेट जो बाइडन के राष्ट्रपति निर्वाचित होने का फैसला हुआ, भारत में वामपंथी रुझान रखने वाले विश्लेषकों ने कहना शुरु कर दिया था कि अब दुनियाभर की राजनीति में बड़ा परिवर्तन आएगा. उनका ख्याल था कि ब्राजील में बोल्सेनारो, इस्राइल में नेतन्याहू और ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन की विदाई होने वाली है. भारत के बारे में उनका गणित था कि नरेंद्र मोदी सरकार का तख्तापलट तो नहीं हो सकता लेकिन वह अगले चार साल आसानी से शासन नहीं चला पाएंगे. भारत में सरकार के विरोध में कई आंदोलन अचानक उठ खड़े होंगे, अगर सरकार इन्हें दबाएगी तो बाइडन प्रशासन उसकी आलोचना करेगा.**

किसान आंदोलन के मामले में हमने इसका नमूना देख भी लिया है. यह डेमोक्रेट्स का काम करने का तरीका रहा है. इन्हीं विश्लेषकों ने यह मसला भी उठाया है कि ट्रंप के साथ बड़े शो करना मोदी की रणनीतिक गलती थी. बोरिस जॉनसन के खिलाफ विरोध के स्वर उठने शुरु भी हो गए हैं, लेकिन मोदी सरकार इन्हीं बोरिस जॉनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाना चाहती है. नेतान्याहू बहुत मामूली बढ़त के साथ ट्रंप की पसंद के रूप में टिके हुए थे और वह बाइडन की पसंद नहीं है. बाइडन चीन से रिश्ते सुधारेंगे, ईरान के साथ फिर परमाणु समझौता करेंगे, अफगानिस्तान से फौज नहीं निकालेंगे और पाकिस्तान को इंगेज करेंगे. नई रणनीतिक परिस्थितियों में भारत को अच्छा दोस्त बनाए रखना उनकी प्राथमिकता में होगा, लेकिन यह हो सकता है कि वह बयानबाजी और अन्य तरीकों, जो डेमोक्रेट्स पहले भी आजमाते रहे हैं, के जरिए मोदी सरकार पर दबाव बनाए रखें. भारत के मामले में कोई अगर यह उम्मीद कर रहा है कि मोदी को सत्ता से बाहर करने में बाइडन प्रशासन विरोधी दलों की कोई अप्रत्यक्ष मदद करने वाला है, तो



वह बहुत गलत आकलन कर रहा है. बाइडन ने जो सहयोगी चुने हैं, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि भारत की परिस्थितियां बहुत भिन्न हैं. भारत में नरेंद्र मोदी को करोड़ों लोगों ने वोट देकर चुना है, फिर यह बात आपको भले ही पसंद हो या न हो, आप उन्हें हिंदू नेशनलिस्ट समझें या दक्षिणपंथी, हालांकि भारतीय जनता पार्टी आर्थिक दक्षिण पंथ की उस परिभाषा के फ्रेम में नहीं आती, जो पश्चिम में प्रचलित है. यह पक्की बात है कि बाइडन प्रशासन या कोई भी अन्य बाहरी शक्ति अगर भारत की अंदरूनी राजनीति में दखल देती है और जनमत को अपदस्थ करने की कोशिश की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे. अब तक धुर मोदी समर्थकों के बारे में एक खास बात जो बार-बार दिखाई दी है वह यही है कि जब भी मोदी पर हमला होता है, वे इसे अपने लिए चुनौती के रूप में देखते हैं. मोदी की राजनीतिक चतुराई यह रही है कि वह ऐसा तब तक होने देते हैं, जब वह परिघटना उनके पक्ष में न चली जाए. विरोधी शक्तियों की यही राजनीतिक घात उस वर्ग को ज्यादा तीखी प्रतिक्रिया के लिए प्रेरित करती है, जिसे आप हिंदू नेशनलिस्ट कहते हैं. मुझे व्यक्तिगत रूप से नहीं लगता कि अमेरिका की नई सरकार इस आग में अपने हाथ जलाना चाहेगी, जब वह देख रही है कि आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण चीन ने बड़े योजनाबद्ध तरीके से भारत में करोड़ों लोगों को नफरत करने वालों में बदल दिया है. अब इसे नरेंद्र मोदी भी चाहें तो सामान्य संबंधों में आसानी से तब्दील नहीं कर सकते.

## विधा : गज़ल




आजकल सब रिश्ते खो जाते हैं,
सब लोग अपनी दुनिया बनाते हैं ।
********************
काम के स्वार्थ में सब मिलते हैं ,
झूठी मुस्कान होंठों से छलकाते हैं ।
********************
सोचें तो क्या नहीं इस मिट्टी में ?
मिट्टी के होकर मिट्टी पर इतराते हैं ।
********************
जो संभल जाते अपनी ग़लतियों से,
सुधर-महकते औरों को महकाते हैं ।
********************
कल-कल करते रहते सदा ही जो,
कल-कल करते वे समय गँवाते हैं ।
********************
एक दिन तो भ्रम आँखों का मिटता है,
जब हम प्रभु मार्ग के दर्शन पाते हैं ।
********************
'मिलन' कहे छोड़ दो ये नफ़रतें अब,
अंत समय बहते आँसू सब पछताते हैं।

**स्वरचित**
**भावना अरोड़ा ' मिलन'**
**कालकाजी,नई दिल्ली**

## ईमोजी



चलन चल पड़ा
कुछ ऐसा
शब्दों, भावों का
काम करने लगे
ये इमोजी
खुशी, दुख, अचरज
सराहना, आश्चर्य
सभी के लिये
सूचक बन गये हैं ये
इमोजी
पर कौन समझे
इस बात को
जो असर होता
शब्दों का वो इन इमोजी से कहाँ
ये तो बस एक शार्ट कट है
बस इमोजी लगा दिया
खुशी में बधाई
दुःख में सांत्वना
सराहना में दो शब्द
लगते कितने अच्छे
पर इन इमोजी ने
ले ली अब जगह उनकी
और चल पड़ा इनका ही चलन
आसानी से बनाता जगह अपनी हर जगह हो व्हाट्सएप,
फेसबुक या कोई अन्य माध्यम
हो गया राज इन ईमोजी का।।



**.मीनाक्षी सुकुमारन**
**नोएडा**

# किसान आंदोलन में कड़वी सियासी चालाकियां आखिर क्या है समाधान

**अभिमनोज**

**नए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए. याद रहे, राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि एमएसपी है, एसएसपी था और एमएसपी रहेगा. खबरें हैं कि इस पर टिकैत का कहना था- देश में भूख पर व्यापार नहीं होगा. भूख जितनी लगेगी अनाज की कीमत उतनी होगी. देश में भूख का व्यापार करने वालों को बाहर निकाला जाएगा. प्रधानमंत्री का कहना था कि एक नया समुदाय उभरा है जो प्रदर्शनों में लिप्त है. इस पर जवाब देते हुए टिकैत ने कहा, हां, इस बार यह किसान समुदाय है, जो उभरा है और लोग किसानों का समर्थन कर रहे हैं.**




किसान आंदोलन को लेकर जितने मीठे सरकारी बयान दिए जा रहे हैं, उससे ठीक उलट कड़वी सियासी चालाकियां दिखाई जा रही हैं, इसीलिए बड़ा सवाल है कि- क्या केवल मीठे सियासी बयानों से किसान आंदोलन का समाधान हो जाएगा? किसान आंदोलन को तोड़ने के तमाम प्रयासों के बावजूद आंदोलन जारी है और बढ़ता जा रहा है. इस आंदोलन को लेकर किसान नेता राकेश टिकैत का कहना है कि देश में भूख पर व्यापार करने की इजाजत नहीं दी जा सकती. प्रधानमंत्री मोदी के ताजा बयानों को लेकर उनका कहना है कि- कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून बनाया जाए और नए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए. याद रहे, राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि एमएसपी है, एसएसपी था और एमएसपी रहेगा. खबरें हैं कि इस पर टिकैत का कहना था- देश में भूख पर व्यापार नहीं होगा. भूख जितनी लगेगी अनाज की कीमत उतनी होगी. देश में भूख का व्यापार करने वालों को बाहर निकाला जाएगा. प्रधानमंत्री का कहना था कि एक नया समुदाय उभरा है जो प्रदर्शनों में लिप्त है. इस पर जवाब देते हुए टिकैत ने कहा, हां, इस बार यह किसान समुदाय है, जो उभरा है और लोग किसानों का समर्थन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि नए कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों ने यह रेखांकित किया है कि एमएसपी को लेकर कोई कानून नहीं है, जिसकी वजह से व्यवसायी कम कीमतों पर उनकी उपज खरीदकर उन्हें लूटते हैं. उन्होंने किसानों के जारी आंदोलन को जाति और धर्म के आधार पर बांटने के प्रयासों की भी निंदा की. उन्होंने कहा कि इस अभियान को पहले पंजाब के मुद्दे के रूप में दर्शाया गया, उसके बाद सिख और फिर जाट मुद्दे के रूप में इसे पेश किया गया. इस देश के किसान एकजुट हैं. कोई भी किसान बड़ा या छोटा नहीं है. यह अभियान सभी किसानों का है. जाहिर है, किसान आंदोलन को अब किसी भी सरकारी तरीके से भटकाया नहीं जा सकता है, इसलिए समाधान के लिए सियासी चतुराई की नहीं, किसान हित की ईमानदार कोशिश की जरूरत है!

# कर्ता एक ही है-

व्यक्ति को विभ्रम है कि वह कर्ता है, वस्तुतः यह संसार हमारे करनें के सामर्थ्य में आता ही नहीं. यहाँ प्रकृति की पूरी व्यवस्था उपस्थित है, यहाँ सबकुछ अज्ञेय कारण के साथ अकारण ही घटित हो रहा. जब चित्त अज्ञान, अधर्म, हिंसा और अहंकार के घनीभूत पाश में होता है तब उसे कर्ता होने का ही भ्रम होता है और जहाँ सृजन, वैराग्य, धर्म व देयता घटित होता है वहाँ सर्वप्रथम यहीं भाव जाग्रत होता है,जो वाणी से निकल कुछ यूं कहता है %ना मैं किया न करि सकौं, साहिब करता मोर। हवा के रूप में प्राण वायु बह रही है जो हवा मात्र ही नही है, उसे कौन बहा रहा..संपूर्ण जगत में कोई भी दो वस्तु एक जैसी नही, इतनी विभिन्नता कहाँ से स्फुटित होती है...सहस्त्र प्रकार के पुष्प व उनके अनगिनत रंग, उनके बीच बहता सौंदर्य व सुगंध, कोटि कोटि जीव समूह और सभी पृथक-पृथक, अनंत वृक्ष, अनंत तारामंडल, अनंत आकाश, अनंत वर्ण व कुल के खग, तितलियाँ, जलचर, वनचर...कितना कुछ यहां है, यह सबकुछ बिना व्यक्ति के किये निर्मित होता है, नष्ट होता है, विलीन होता है, यहां सबकुछ इतनी सूक्ष्मता में घटित हो रहा कि व्यक्ति को उसका भान तक नहीं..व्यक्ति अपनी आती जाती स्वांस तक का साक्षी नहीं और न ही उसका स्वामी...इस ब्रह्मांड में सबकुछ एक निमेष में परिवर्तित हो जाता है बिना हमारी समझ मे आये, बिना हमारी दृष्टि में आये, तिसपर जो स्वयं को कर्ता समझने की भूल करता है, वह समष्टि के प्रति आंख ढांप लेता है...जो सबकुछ करते हुए भी यह जान लेता है कि मैं कुछ नही कर सकता और न ही कर रहा। वह जो उत्पत्ति के प्राण का संचारक है, वह जो अनाहत का तीव्र झंकार है-वह कर्ता है। वह जो किरणमाला में अभेद हो विभिन्न अवयवों में भेद का परिचायक है-वह कर्ता है। वह जो सुमन में, सुरभि में, अणु-अणु में, मधु में, मदिर में, लहर में, समीर में, कलरव मे, कालिमा की लालिमा में व्याप्त है-वह कर्ता है। वह जो चतुर्दिक छाया में शीतलता का वाहक है- वह कर्ता है। वह जो प्रसन्न होता है जब तुम अपनेपन में सागर की लहर की भांति उतराते हो- वह कर्ता है। वह जो द्रवित होता है बिसरी यादों में-वह कर्ता है। इस लंबे जीवनपथ में जब प्रेम-शिखा की लौ तुम्हे दीप्त करती है, तब उस शिखा की लौ में जो उतरता है-वह कर्ता है। जब कभी कोई घुले हृदय में घुल जाता है, जब तुम आलिंगन कर लेते हो किसी का और उसका उद्दीपन तुममें उस आत्मीयता का बोध कराता है जिसको तुम कोई नाम नही दे सकते, तो वह अनाम ही कर्ता है। जब तुम नींद में होते हो किंतु तुम्हे सुलाकर जो जागता रहता है- वह कर्ता है। वह जो पृथ्वी के घूर्णन, गुरुत्वाकर्षण का बल, दिवाकर का उदय, निशाकर की श्यामलता, कंठ का स्वर, स्वाद का तत्व, जल की तरलता, पर्वत की नवता, आकाश का संबल, पाताल का तल, अनुभव का पटल, और नेति नेति है, वह जो सोच व कल्पना के पार है,वह ही कर्ता है।



कर्ता अनैच्छिक की इच्छा है। कर्ता तब भी था जब इस पृथ्वी पर जीवन नही था। कर्ता तब भी था जब यह ब्रह्मांड सत व असत के परे था, और कर्ता तब भी रहेगा जब हम नही होंगे।

**प्रफुल्ल सिंह बेचैन कलम**
**युवा लेखक/स्तंभकार/साहित्यकार**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश,व्हाट्सएप : 6392189466**

## इंटरनेट शॉपिंग, वैश्विक बाजार का सागर

इंटरनेट शॉपिंग अभी भारत तथा विश्व के हर देश में जबरदस्त तरीके से चलन में है। भारत ई शॉपिंग के लिए एक वृहद बाजार है इंटरनेट शॉपिंग ने खरीदारी की दुनिया ही बदल कर रख दी है। इंटरनेट न सिर्फ अलग-अलग उत्पाद के बारे में उपभोक्ताओं को नवीन जानकारी उपलब्ध कराई है ,बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में सामान भी पहुंचाना शुरू कर दिया है। इंटरनेट घर के भीतर ही कंप्यूटर और मोबाइल पर ऐसे ऐसे उत्पाद की जानकारी हर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराता है जिसके बारे में उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मुलत शॉपिंग की शुरुआत 21वीं सदी के शुरू में हुई थी. कुछ वर्षों में यह इस कदर छा गई की कुछ लोग बाजार जाना ही बंद कर चुके है। ई शॉपिंग के द्वारा जनता अपनी मनपसंद वस्तु घर में बैठे-बैठे प्राप्त कर सकती है। इस तरह बाजार की भीड़ की परेशानियों प्रदूषण से बचने एवं अनावश्यक पेट्रोल की फिजूलखर्ची से भी बचा जा सकता है। कुछेक अपवाद को छोड़कर ई शॉपिंग काफी इकोनामिक एवं भरोसेमंद है। बाजार जाने की बड़ी परेशानियों से बच कर कंप्यूटर मोबाइल के द्वारा एक बटन दबाकर अपनी पसंदीदा वस्तु अपने घर में ही प्राप्त कर लेते है ,इसके लिए आपके पास बैंक में पैसे एटीएम कार्ड होना चाहिए फिर देखिए दुनिया का बाजार आपकी मुट्ठी में होगा। टाटा संस के चेयरमैन रतन जी टाटा कहते हैं कि भारत में लोग बहुत बड़ी संख्या में समय अभाव के कारण बाजार जाकर खरीदारी नहीं कर पाते हैं। पर हिंदुस्तान ने की शॉपिंग का चलन इतना बढ़ गया है कि500 से से 600 सौ मिलियन लोग इस माध्यम से धड़ल्ले से ई शॉपिंग कर रहे हैं. इस सुविधा युक्त शॉपिंग का भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग की स्थिति यह है कि 201। के अंत में 100 मिलियन लोग ई शॉपिंग कर रहे थे, जून 2020 में दिल्ली ,मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु, चंडीगढ़ के साथ बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा केरल और पंजाब के लोग हर साल दुगनी रफ़्तार से ई-कॉमर्स के जरिए शॉपिंग करने में जुट गए हैं। इंटरनेट के द्वारा शॉपिंग करने में 25 से 30 वर्ष के युवा बहुत ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं। युवा वर्ग खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम खरीदने में अपना इंटरेस्ट दिखा रहे हैं. वहीं महिलाएं ग्रॉसरी इलेक्ट्रॉनिक आइटम कॉस्मेटिक और कपड़ा रेडीमेड खरीदने में रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं। वस्तुतः ई शॉपिंग करने के पीछे कई कारण है जैसे समय की बचत एवं भीड़भाड़ तथा पेट्रोल टैक्सी रिक्शा के अनावश्यक खर्च से बचत होने से भी इसे काफी बढ़ावा मिल रहा है.इसके अलावा सस्ती खरीदारी एक बड़ा कारण है। आपको ई-कॉमर्स की खरीदी में वैश्विक बाजार ऑनलाइन उपलब्ध रहता है ।नए-नए उत्पादकों के अनुसंधान एवं उत्पादन बड़ा है, वह एक साथ दुनिया के किसी कोने में भी तत्काल 2 या 3 दिन में उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से मिल जाती है। ई-कॉमर्स में आए खराब सामान को आप तत्काल बदलने की सुविधा भी प्राप्त कर लेते हैं। खरीदारी चुकी ऑनलाइन एक नंबर में होती है अतः इसमें धोखाधड़ी की संभावना भी कम पर बनी हुई है। पर धोखाधड़ी तथा चीटिंग की संभावना इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि जो प्रोडक्ट बुलाया जाता है कई बार उससे निम्नतम क्वालिटी की सामग्री जानबूझकर भेज दी जाती है, पर इसकी कानूनी प्रक्रिया भी है जिससे उपभोक्ता को काफी राहत मिल जाती है। इसके अलावा आप अपनी पुरानी वस्तुओं को भी भेजने की सुविधा शॉपिंग में प्राप्त कर सकते हैं, और उसके दाम प्राप्त कर सकते हैं। पर इस ऑफिस में कुछ सावधानियां रखनी चाहिए इससे हमें आर्थिक से नुकसान ना झेलना पड़े, इसीलिए की शॉपिंग करते समय यह ध्यान रहे की अधिकृत वेबसाइट से ही सामान का ऑनलाइन ऑर्डर दिया जाना चाहिए। सस्ती खरीदारी के चक्कर में आर्थिक नुकसान उठाने की संभावना ज्यादा रहती है।ऑनलाइन खरीदी करने से आपके पासवर्ड और पिन नंबर कई वायरस वाली कंपनियां सेलपॉइंट से चुरा ले कर आपके अकाउंट से पैसा भी निकाल सकती है। खरीदारी करते समय ब्रांडेड कंपनी की वेबसाइट की रिफंड वारंटी एवं अन्य नीतिगत बातों की तरफ ध्यान रखकर की खरीदारी की जानी चाहिए। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ट्रेडर्स के अनुसार 2014 से भारत भर में स्थापित खुले बाजार को ही ई शॉपिंग के कारण 30 से 35त्न नुकसान झेलना पड़ता है। भरत का डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया भी बहुत तेजी से हो रही है. जिससे समाज को ई शॉपिंग इंटरनेट और अन्य माध्यमों से शिक्षित करना एवं जागरूक करना है। भारत की बड़ी जनसंख्या अभी शिक्षित नहीं हो पाई है। ई शॉपिंग उनके लिए थोड़ी आ सुविधाजनक एवं खतरनाक भी हो सकती है। पर कुल मिलाकर इंटरनेट शॉपिंग काफी सुविधाजनक तरीके से भारत भर में शॉपिंग के लिए एक माहौल बना दिया है।

**संजीव ठाकुर,अंतराष्ट्रीय कवि,**
**रायपुर ,छ.ग.9009415415.**



### सुखद श्रेणी के दुख।

आज अब,
दो समय की साबित रोटी,
तन पर मटमैले कपड़े,
पैदल दूर तक जाने को चप्पल,
गहरी ठंडी रातों में ओढनें ने को कथरी ,
और रोटी के साथ मिर्च प्याज की चटनी,
मड़ाई मेला जाने के लिए किराए की साइकिल,
समय समय मिल जाए सब,
मुझे उसका साथ,
और उसे मेरा संग होना,
भला लगता है सब,
सब कुछ,
लगता है वक्त थम जाये ,
रुक जाएं हम सभी,
हवाओं की खुशबू से भरी,
उसकी बातें, खिलखिलाहट,
पेड़ों टहनियों से झूमता झूमता,
अनंत निश्चल आकाश,
संबंधों की गहरी नम्र ऊष्मा,
नन्हे नन्हे हाथों का स्पर्श,
चुप-चुप कनखियों के इशारे,
बंद होठों की खामोशी हंसी,
पतली पगडंडी में लड़खड़ाते,
यूंही साथ चलते रहने की कसमें,
बिखरना जाए,
यादों की हल्की लकीरें,
यह पल न फेर ले आंखें,
कथरी तार-तार न हो,
छिन न जाए, मिर्च प्याज की चटनी,
आकाश चलनी ना हो जाए,
बूंन्दें पानी की पथरीली ना हो जाए,
नम्र ऊष्मा लुप्त ना हो संबंधों की,
भयभीत हो जाता हूं कभी-कभी
बहुत ज्यादा।



## फ्लैट बेली दिखाती नजर आई जैकलीन फर्नांडिस

जैकलीन फर्नांडिस ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ग्लैमरस तस्वीर शेयर की है, ?जिसमें वह सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। उनके एक हाथ में कैमरा नजर आ रहा है और दूसरे हाथ से अपना फ्लैट बेली दिखाती नजर आ रही हैं। जैकलीन की यह तस्वीर जिम के अंदर की है, जिसमें वह बेहद दिलकश पोज़ देती दिख रही हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए जैकलीन ने लिखा ?कि वे कहेंगे कि जैसे हो वैसे ही रहो और फिर बाद में वही जज करेंगे। बता दें ?कि जैकलीन के कई गाने काफी हिट रहे जिसमें ऐल्बम सॉन्ग जीएफ-बीएफ और मेरे अंगने में 2.0 शामिल है। इसके अलावा बादशाह के साथ गेंदा फूल गाना भी काफी हिट रहा।



## हिमांशु और कनिका के सगाई की तस्वीरें आई सामने

राइटर हिमांशु शर्मा और बॉलिवुड की मशहूर स्क्रीनराइटर कनिका ढिल्लन की सगाई की तस्वीर सामने आई हैं। हाल में इनके इंगेजमेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया ?पर नजर आ रही हैं। पिछले काफी समय से हिमांशु और कनिका रिलेशनशिप में थे। हालां?कि, हिमांशु शर्मा काफी समय तक स्वरा भास्कर के साथ रिलेशनशिप में भी रहे हैं और स्वरा ने हिमांशु के साथ सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की थीं। कनिका ने भी इंस्टाग्राम पर अपनी और हिमांशु शर्मा की सगाई की तस्वीरें शेयर की हैं। कनिका ने अपने पोस्ट में यह भी बताया है कि कुछ खास नजदीकी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में नवंबर सगाई हुई थी। बता दें ?कि कनिका ढिल्लन भी बॉलिवुड की फेमस स्क्रीनराइटर हैं। उन्होंने कंगना की फिल्म जजमेंटल है क्या, अनुराग कश्यप की मनमर्जियां और सुशांत सिंह राजपूत की केदारनाथ जैसी कई फिल्मों की स्क्रीनराइटिंग की है।

## अंकिता लोखंडे की ग्लैमरस तस्वीरें वायरल

अंकिता लोखंडे की हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में अंकिता ने बिना मेकअप के नजर आ रही हैं। अंकिता ने तस्वीरों के साथ कैप्शन दिया, मैं ओरिजिनल हूं और यह अपने आप में परफेक्शन है। ना मेकअप, ना हेयर स्टाइल।इसके अलावा अंकिता ने कुछ गानों पर वीडियो बनाकर भी पोस्ट किए हैं, जोकि काफी वायरल हो रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने विकी जैन के साथ वकेशन की तस्वीरें पोस्ट की थीं। इस तस्वीरों में अंकिता ने टीशर्ट ड्रेस पहन रखी है। इस पर उनकी दोस्त अशिता धवन ने उनके लेग्स की तारीफ की है। बता दें कि अंकिता लोखंडे और विकी जैन रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, इसकी दोनों ने कोई ऑफिशल घोषणा नहीं की, लेकिन दोनों एक-दूसरे के लिए सोशल मीडिया पर अपना प्यार जताते रहते हैं। इसी साल जून में अंकिता लोखंडे और विकी जैन की इंगेजमेंट की खबरें आई थीं। खबर हैं कि दोनों जल्द शादी कर सकते हैं।



## घर की छत पर टिकाऊ गार्डन चाहती हूं : मानुषी छिल्लर

**मुंबई।** मुंबई बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर अपनी छत को एक टिकाऊ गार्डन में बदलना चाहती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसा करना आधुनिक समाज के भविष्य के नजरिए से पर्यावरण के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा, मैंने अपने घर पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने शुरू कर दिए हैं और मैं यह देखने का इंतजार नहीं कर सकती कि यह सब एक साथ कैसे लगेंगे। मानुषी ने आगे कहा, मेरा ड्रीम गार्डन वास्तव में वर्तमान में एक बहुत ही शुरुआती अवस्था में है और इसे धीरे-धीरे पूरा करने में मुझे कई महीनों का समय लगेगा। शाकाहारी मानुषी अपने घर के बगीचे में फल और सब्जियां उगाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, हालांकि मैं शाकाहारी हूं, इसलिए यह गार्डन निश्चित रूप से होम गार्डन टू टेबल कॉन्सेप्ट ऑफ लिविंग की भूमिका निभाएगा। मैं निकट भविष्य में फलों और सब्जियों की कई किस्में उगाना चाहती हूं और जैविक, टिकाऊ जीवन के बारे में अधिक सीखने की इस यात्रा को लेकर काफी उत्साहित हूं। मानुषी, पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म %पृथ्वीराज% से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है, जिन्होंने टेलीविजन महाकाव्य %चाणक्य% और पीरियड ड्रामा %पिंजर% का निर्देशन किया था।





## सना खान बोली- जल्दबाजी का निर्णय नहीं था शादी, जल्द मां बनने की है तैयारी

**मुंबई ।** बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री सना खान इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। अनस सैयद संग उनकी शादी, हनीमून की तस्वीरें अभी तक सोशल मीडिया पर वायरल हैं। अब सना खान ने अपनी शादी, पति संग कनेक्शन और शोबिज इंडस्ट्री छोड़ने को लेकर बातें की हैं। सना खान ने अनस संग अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा- 2017 में हम मक्का में पहली बार मिले। ये बहुत छोटी सी मीटिंग थी, उसी दिन मुझे वापस आना था। 2018 के आखिर में मैं उनसे कनेक्ट हुई, मुझे रिलिजन के बारे में उनसे कुछ सवाल करने थे। फिर 2020 में हम रीकनेक्ट हुए। इस साल की शुरुआत में आपका ब्रेकअप हुआ, लोगों को लगता है कि आपका शादी का निर्णय रिबाउंड है? इस पर सना ने कहा- आप रिबाउंड पर अफेयर कर सकते हो, शादी नहीं करोगे। जिस लाइफ को मैंने पीछे छोड़ दिया, उसमें बॉयफ्रेंड होना नॉर्मल बात है। ये ऐसी कुछ चीजें हैं जिन पर मुझे खेद है।%भविष्य में मैं जिम्मेदार पेरेंट बनना चाहती हूं। मुझे लगता है कि हमारे बच्चे उसे ही फॉलो करते हैं जो हम करते हैं और सोचते हैं। हमारा सिर्फ सरनेम ही नहीं सोच भी पासऑन होती है।% शादी के निर्णय पर सना ने कहा- %ये कोई जल्दबाजी का निर्णय नहीं था। ऐसे इंसान को पाने के लिए मैंने सालों प्रार्थना की है। उनके अंदर जो चीज मुझे सबसे अच्छी लगती है वो ये है कि अनस शरीफ हैं। उनके अंदर हया है। वो जज मेंटल नहीं हैं।% उन्होंने एक बार मुझे कहा था- %अगर कोई चीज गटर में गिर गई हो तो उसके ऊपर आप 10 बाल्टी पानी भी डाल दो, वो साफ नहीं होती। लेकिन आप उसे गटर से बाहर निकालकर एक गिलास पानी डाल दो, वो साफ हो जाती है। उनकी इस बात ने मुझ पर काफी इम्पेक्ट डाला।% फैमिली प्लानिंग पर हंसते हुए सना ने कहा- मेरे पति चाहते हैं कि मैं पूरा समय लूं। लेकिन मैं निश्चित रूप से जल्द ही मां बनना चाहती हूं। सना ने जब शोबिज छोड़ा था तो कहा था कि वो गलत प्रोफेशन में थीं, इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा- %बहुत लोगों ने मुझे कहा कि मैंने इतना लंबा समय क्यों लिया ये एहसास करने में कि मैं गलत प्रोफेशन में थीं।

## बुजुर्ग एक्टर को कम उम्र की लड़की के साथ देखना दुर्भाग्यपूर्ण - दीया मिर्जा


**मुंबई ।** बॉलीवुड फिल्मों में मेल एक्टर्स को अपनी उम्र से बहुत ज्यादा छोटी एक्ट्रेसेस के अपोजिट कास्ट किए जाने पर एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने अपनी राय जाहिर की है। दीया ने सिर्फ इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, बल्कि इंडस्ट्री में स्थापित ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को भी आडे हाथों लिया है। इसके साथ ही दीया ने एक्ट्रेस नीना गुप्ता का उदाहरण देकर इंडस्ट्री के बारे में कई बातें शेयर की हैं। दिया मिर्जा बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। जो फिल्मों के कई स्टीरियोटाइप को भी तोड़ती नजर आई हैं। एक इंटरव्यू में दिया ने इंडस्ट्री को लेकर खुलकर बातें शेयर की हैं। उनका मानना है कि ये देखना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक उम्र दराज व्यक्ति अपनी उम्र से काफी छोटा कैरेक्टर निभा रहा है। उनका कहना है कि इंडस्ट्री ने हमेशा युवा सुंदरता का पक्ष लिया है, इसका उदाहरण नीना गुप्ता है। दिया ने कहा कि ये बहुत अजीब है कि एक मिडिल एज के अभिनेता को एक टीनएज काउंटरपार्ट्स के अपोजिट कास्ट किया जाता है। लेकिन ये इसीलिए होता है क्योंकि हमारी इंडस्ट्री मेल डॉमिनेटेड है। उनका कहना है कि दुर्भाग्यपूर्ण सच ये है कि उम्र दराज महिला के कैरेक्टर को लेकर कहानियां नहीं लिखी जाती हैं, जितनी मर्दों को लेकर लिखी जाती हैं। ये देखना और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ज्यादा उम्र का व्यक्ति यंग किरदार को निभा रहा है। खूबसूरती का विचार हमेशा युवावस्था से जोड़ा जाता है। दीया का कहना है कि इसका एक उदाहरण नीना गुप्ता जी जैसी एक्ट्रेसेस हैं। उन्होंने वास्तर में कहा कि मैं एक एक्टर हूं, मुझे अपने काम से प्यार है, प्लीज मुझे कास्ट करें, शुक्र है कि उन्हें कुछ दिलचस्प फिल्ममेकर्स ने लीड किरदार में कास्ट करने का फैसला लिया। वहीं अब भी कई मिडिल एज एक्ट्रेसेस हैं जो संघर्ष कर रही हैं और जिन्हें कास्ट नहीं किया जा रहा है,





## चंडीगढ़ करे आशिकी पर गर्व महसूस कर रहे आयुष्मान

**मुंबई ।** अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी आने वाली फिल्म %चंडीगढ़ करे आशिकी% पर गर्व महसूस कर रहे हैं। यह ?फिल्म कोरोना काल में शूट होने वाली भारत में पहली मुख्यधारा की फिल्म बन गई है। आयुष्मान ने कहा ?कि ÷आज मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमारी फिल्म कोरोनोवायरस के बीच फिल्म की शूटिंग पूरी करने वाली भारत की पहली फिल्म बन गई है।÷ उन्होंने कहा, ÷मुझे अपने निर्देशक और निर्माता अभिषेक कपूर और प्रज्ञा कपूर को इस बात का श्रेय देना है, जिन्होंने संसाधनों को इतनी लगन से और इतने प्रभावी ढंग से तैयार किया। यह आश्चर्यजनक लगता है कि हमने अपने गृहनगर चंडीगढ़ में इस उपलब्धि को हासिल किया।




## रेड ड्रेस में नजर आयी कपिल शर्मा की भूरी

÷द कपिल शर्मा शो% की ÷भूरी÷ यानी सुमोना चक्रवर्ती अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सुमोना की एक बोल्ड तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर सोशल मी?डिया पर काफी वायरल हो रही है। इस फोटो में सुमोना चक्रवर्ती रेड डीप नेक ड्रेस में नजर आ रही हैं, उनका दिलकश अंदाज काफी चर्चा बटोर रहा है। इस फोटो में सुमोना अपने पैर का टैटू भी फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं, जिसमें वह कमाल की लग रही हैं। उनकी इस फोटो पर फैन जमकर कमेंट और तारीफ कर रहे हैं। उनका यह अवतार फैंस के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। फोटो में सुमोना एक पेड़ की शाखा पर बैठी नजर आ रही हैं। हालांकि, उनकी यह तस्वीर थोड़ी पुरानी है, लेकिन फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही है। सुमोना की फोटो पर कमेंट करते हुए कोई उनकी आंखों की तारीफ कर रहा हो तो कोई बालों की। यही नहीं, कुछ यूजर उनके कपिल शर्मा शो में उनके और कपिल शर्मा के बीच की नोंकझोंक की तारीफ कर रहे हैं।

## काम पर लौटी गौहर खान

क्रिसमस के दिन अभिनेत्री गौहर खान अपने बॉयफ्रेंड जैद दरबार संग शादी के बंधन में बंध गईं। अब शादी के दो दिन बाद गौहर ने अपना वीडि?यो शेयर कर काम पर रवाना होने का हिंट दिया है। उन्होंने वीडि?यो को सेल्फी मोड में लेकर कैप्शन में लिखा, ब्राइड इन शूट मोड, अब वे वाकई काम पर रवाना हुई हैं या हनीमून पर, यह आने वाले समय में पता चलेगा। जहां दो दिन पहले शादी और रिसेप्शन में गौहर को हैवी जूलरी और ब्राइडल लुक में देखा गया था, वहीं दो दिन बाद गौहर बेहद लाइट जूलरी और मेकअप में नजर आ रही हैं। उन्होंने गले में मंगलसूत्र और कानों में टॉप्स पहने हुए हैं। इसके पहले उनके गोल्डन एंड मरून कलर के ब्राइडल आउटफिट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। गौहर ने उन्हें शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, मेरा सपना आपके बिना पूरा नहीं हो पाता जो कि मेरी लव स्टोरी का ग्रैंड फिनाले है। गौहर और जैद की शादी काफी चर्चा में थी।



# पथ विक्रेता सम्मान से करें अपने काम-धंधे : मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत 40 हजार विक्रेताओं को ऋण जारी, मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से किया संवाद




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मेरा हर संभव प्रयास है कि प्रदेश के बेटा-बेटी, भाई-बहन अपने स्वयं के काम-धंधे संचालित करें और सम्मान से जीवन जिएं। यह हो गया तो मानूँगा कि मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मिंटो हाल में 40 हजार ग्रामीण पथ विक्रेताओं को एक साथ दस-दस हजार रुपये के ऋण उपलब्ध कराने के लिए पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और अपर मुख्य सचिव ग्रामीण एवं पंचायत विकास श्री मनोज श्रीवास्तव भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शहरी पथ व्रिकेताओं के लिए योजना आरंभ की गई थी। इससे प्रेरणा लेकर कोरोना काल में प्रभावित हुए छोटे कारोबारियों की मदद के लिए प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के लिए भी योजना आरंभ की गई है। छोटे स्तर पर संचालित काम- धंधों के लिए पूँजी के साथ-साथ आवश्यक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे पथ विक्रेता अपने कार्य को अधिक कुशलता से संचालित कर सकेंगे, उसमें लगातार विस्तार भी होगा। अब-तक प्रदेश में 1 लाख 41 हजार से अधिक हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। आरंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से कोरोना से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों जैसे मास्क लगाना, दो गज की दूरी, बार-बार हाथ धोना और सेनेटाईजर का उपयोग जरूरी है। इसमें लापरवाही न बरती जाए। केरल और महाराष्ट्र में लगातार मामले बढ़ रहे हैं। आवश्यक सावधानियाँ अपनाकर ही कोरोना से बचा जा सकता है। कोरोना चला गया है, यह मानकर लापरवाह होने का समय नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गाँव-कस्बों में छोटी पूँजी से संचालित हो सकने वाले कार्यों में उद्योगपति अपनी घुसपैठ न बना पाएं। इसके लिए ही ग्रामीण पथ विक्रेताओं को सरलता से ऋण उपलब्ध कराने और सूदखोरों के चंगुल से मुक्त रखने के लिए यह योजना संचालित की गई है। ग्राम स्तर पर लोग सशक्त हों, इस उद्देश्य से ही शाला यूनिफार्म की सिलाई का कार्य और पोषण आहार का कार्य स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पथ विक्रेताओं को पहचान-पत्र जारी किए जाएंगे। उनके काम के स्थान के निर्धारण के साथ-साथ पंजीयन प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। इस दिशा में और क्या नवाचार हो सकता है, इस संबंध में भी सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रोटी-कपड़ा और मकान, पढ़ाई-लिखाई और बीमारी में दवाई का इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के लोगों की जिन्दगी को आसान बनाना है। इस दिशा में अगले तीन साल में गाँवों के सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराने की योजना है। ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के ऋण वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देवास के रालामंडल की श्रीमती पिंकी से पूछा कि योजना की जानकारी कैसे मिली और पैसे मिलने में कोई परेशानी तो नहीं आई। श्रीमती पिंकी ने बताया कि योजना में मिले ऋण से सिलाई का काम बढ़ा है और अब स्वयं की दुकान खोलने और इंटरलॉक की मशीन लेने की योजना है। श्रीमती पिंकी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से उनका हाल पूछा तो श्री चौहान ने कहा कि- %बहनें ठीक तो मामा खुश मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री रैकवार की कहानी से प्रदेश के बहुत से लोगों को मदद मिलेगी। दमोह के ग्राम बांदकपुर में रामा टी-स्टॉल चाय की दुकान चला रहे श्री रामचरण रैकवार से मुख्यमंत्री ने कहा कि वे उसकी दुकान पर चाय पीने जरूर आएंगे। श्री रैकवार ने ऋण लेने और उससे अपने काम को बढ़ाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। विदिशा जिले के ग्राम इमलिया के श्रीीरेन्द्र सिंह ने बताया कि- कोरोना काल में किराना दुकान पूरी तरह बन्द हो गई थी। इस योजना में मिले ऋण से उन्होंने सब्जी और फल की दुकान शुरू की। दुकान से अब प्रतिदिन लगभग पाँच सौ रुपये की आय हो जाती है। वे अब हर रोज किराने का एक आयटम अपनी दुकान में शामिल करते जा रहे हैं।



# स्ट्राइव योजना की मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन अनिवार्य-सिंधिया

## कौशल विकास गतिविधियों की समीक्षा

**भोपाल।** विश्व बैंक द्वारा सहायता प्रदत्त भारत सरकार की स्किल स्ट्रेन्थिनिंग फॉर इण्डस्ट्रियल वेल्यू एन्हेंसमेंट का उद्देश्य आईटीआई और अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार करना है। इसके लिये इस योजना की मॉनीटरिंग और मूल्यांकन आवश्यक है। यह बात तकनीकी कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने गुरुवार को विभागीय समीक्षा के दौरान कही।मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में आईटीआई में संचालित पारम्परिक पाठ्यक्रम को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप बनाना होगा। आईटीआई के पुराने ट्रेड कोर्स में अब आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होने लगा है और उद्योगों को ऐसे ही कुशल युवाओं की जरूरत है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आये बदलाव से आईटीआई में नये पाठ्यक्रम को भी प्रारंभ करना होगा। अत्याधुनिक तकनीकों का ज्यादा उपयोग हो रहा है। अगर हम आईटीआई में युवाओं को इनमें दक्ष करेंगे, तो रोजगार के ज्यादा अवसर मिलेंगे। सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास श्री मुकेशचन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्ट्राइव योजना के तहत प्रथम चरण में 8 शासकीय आईटीआई मण्डीदीप, खरगौन, उमरिया, रतलाम, बालाघाट, सिंगरौली, छिंदवाड़ा और एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल शामिल हैं। दूसरे चरण में 12 शासकीय आईटीआई शिवपुरी, देवास, शाजापुर, सिवनी, कटनी, टीकमगढ़, छपारा (सिवनी जिला), हरदा, छतरपुर, अनूपपुर, झाबुआ और आईटीआई खण्डवा शामिल है। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 20 शासकीय आईटीआई को प्रशिक्षण, गुणवत्ता तथा इण्डस्ट्री लिंकेज बढ़ाने के लिये 150 से 250 लाख रुपये का अनुदान प्रति आईटीआई प्राप्त होगा। इस राशि से चयनित शासकीय आईटीआई द्वारा स्नातकों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि, संचालित ट्रेडों में महिला नामांकन/प्रवेश में 16 प्रतिशत की वृद्धि, कुल नामांकन/प्रवेश में 25 प्रतिशत की वृद्धि और निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कुल प्रशिक्षणार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने जैसे चार प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति की जायेगी।

# सीधी बस दुर्घटना के दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा - मुख्यमंत्री चौहान

## निवास पर ली उच्च-स्तरीय बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी बस दुर्घटना के संबंध में निवास पर उच्च-स्तरीय बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि दोषियों को किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जाए, जो गलती करेगा वह दंड पाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सड़क की मरम्मत तथा क्रेन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से की जाए। वैकल्पिक मार्ग विकसित करने के लिए जल्द से जल्द कार्य योजना बनाकर



क्रियान्वयन आरंभ किया जाए। संपूर्ण प्रदेश में बसों की फिटनेस और ओवरलोडिंग के संबंध में अभियान आरंभ हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिये कि पूरे प्रदेश में घाटों, दुर्गम मार्गों, खराब सड़कों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई की जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक उपाय हो। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी अपर मुख्य सचिव जल संसाधन तथा परिवहन श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई उपस्थित थे।

## मप्र राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप 20 से

**भोपाल।** दूसरी राज्य सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन तात्या टोपे स्टेडियम में 20 और 21 फरवरी को किया जा रहा है। चैंपियनशिप का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मप्र के तत्वावधान में तदर्थ समिति मप्र फेंसिंग एसोसिएशन और भोपाल जिला फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। संचालक खेल पवन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन तात्या टोपे स्टेडियम के फेंसिंग हॉल में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 150 खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लेंगे। कोरोना काल में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए कोविड-19 के सभी नियमों का पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीमों का चयन किया जाएगा।

# भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों की वल्नेरेबिलिटी मैपिंग होगी

## प्रमुख सचिव अशोक शाह की अध्यक्षता में हुई राज्य बाल संरक्षण समिति की बैठक

**भोपाल।** प्रमुख सचिव, महिला-बाल विकास श्री अशोक शाह ने वल्नरेबल क्षेत्रों में निवासरत भिक्षावृत्ति, अखबार वितरित करने जैसे कार्य में संलग्न बच्चों की वल्नेरेबिलिटी मैपिंग के निर्देश दिए है। श्री शाह गुरुवार को राज्य बाल संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिये कार्यरत सभी संस्थाओं का किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। प्रमुख सचिव श्री शाह ने अधिकारियों को बाल संरक्षण से संबद्ध मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरूकता के



लिये अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रयास, जोखिमपूर्ण अवस्था में पाये जाने वाले बच्चों के संरक्षण एवं देख-रेख के आवश्यक उपाय, बाल अपराधों के आंकड़ों के संबंध में अद्यतन जानकारी साझा करने के लिये गृह विभाग से समन्वय स्थापित करने, शासकीय चिकित्सालयों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में पालना स्थापित करने, बाल देख-रेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों की व्यक्तिगत देख-रेख योजना तैयार कर बच्चों के पुनर्वास के लिये विशेष प्रयास किये जाने के भी निर्देश दिये।

# परिवहन मंत्री राजपूत ने किया 2 दर्जन यात्री बसों का औचक निरीक्षण

## नियमों का पालन न करने पर 11 बसें जप्त, 6 के फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त

**भोपाल।** परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने आज भोपाल-होशंगाबाद और भोपाल-रायसेन मार्ग पर लगभग 2 दर्जन यात्री बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 6 बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र मौके पर ही निरस्त किये गये। साथ ही परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाली 11 यात्री बसों को जप्त किया गया। श्री राजपूत ने जप्त बसों के यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिये उन्हें गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था की। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 5 बसों के विरूद्ध मौके पर ही परमिट शर्तों के उल्लघंन, जिसमें क्षमता से अधिक सवारी, दस्तावेज मौके पर नहीं पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। इनमें से वाहन क्रमांक एम.पी. 04 एफए 5219 और एम.पी. 09 एफए 2477 पर तीन-तीन हजार रुपये, एम.पी. 32 पी 0156 पर 10 हजार रुपये, एम.पी. 38 पी 0344 पर दो हजार रूपये एवं वाहन क्रमांक एम.पी. 07 पी 0555 पर 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने भोपाल-होशंगाबाद मार्ग पर चलने वाली बसों के परमिट, फिटनेस, यात्री क्षमता, पीयूसी एवं यात्रियों के टिकट आदि संबंधी प्रपत्र चेक किए। मौके पर ही 11 यात्री बसों को जप्त करने की कार्यवाही की गई। इनमें वाहन क्रमांक एम.पी. 04 पी 0477 के प्रपत्र फिटनेस मापदण्ड के अनुसार नहीं पाये गये। यान में फस्ट-एड बाक्स, अग्नि-शमन उपकरण नहीं पाये गये तथा इमरजेंसी गेट भी क्षतिग्रस्त पाया गया। वाहन क्रमांक एम.पी. 04 पीए 1728, एम.पी. 04 पीए 3378, एम.पी. 04 पीए



2260 का दस्तावेज अपूर्ण होने एवं प्रस्तुत प्रपत्र फिटनेस मापदण्ड के अनुसार नहीं होने पर जप्त किये गये। इसके अलावा वाहन क्रमांक एम.पी. 09 एफए 5355 में फस्ट-एड बाक्स में एक्सपायर्ड दवाइयाँ, अग्नि-शमन यंत्र क्षमता के अनुरूप एवं एक्सपायर होने की वजह से फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त करते हुए जप्त किया गया। एम.पी. 04 पी 263 को फिटनेस नियमों के अनुरूप नहीं होने एवं चालक एवं परिचालक का लायसेंस न होने के कारण जप्त किया गया। वाहन एम.पी. 04 पीए 1741 को चालक द्वारा वाहन के दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किये गये एवं वाहन में यात्रियों को टिकट पर्ची नहीं दिये जाने के कारण जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके अलावा वाहन क्रमांक एम.पी. 04 पीए 8155, एम.पी. 04 पीए 3225, एम.पी. 05 पी 0375 को फिटनेस के निर्धारित मापदण्ड पूर्ण नहीं होने, इमरजेंसी गेट के पास सीट लगी होने तथा दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने के कारण जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही वाहन क्र. एम.पी. 09 एफए 1634 को क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, वाहन फिटनेस के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नही पाये जाने एवं यात्री बस में यात्री पैसेज सामान से अवरूद्ध होने के कारण जप्ती की कार्यवाही की गई। परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बस मालिकों को सचेत करते हुए कहा कि जो बस मालिक नियमों का पालन नहीं कर रहे, वे स्वयं अपना परमिट एवं लायसेंस सरेडंर कर दें। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ यह कार्यवाही हमेशा जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त परिवहन श्री अरविंद सक्सेना, आर.टी.ओ भोपाल श्री संजय तिवारी, आर.टी.ओ होशंगाबाद श्री मनुज तेहनगुरिया, आर.टी.ओ विदिशा श्री गिरजेश वर्मा, आर.टी.ओ रायसेन श्री रितेश तिवारी और अन्य अमला उपस्थित रहा।

# 14.25 करोड़ में बिके मैक्सवेल

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14 वें सत्र के लिए हुई नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 14.25 करोड़ रुपये में खरीदा है जबकि पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इससे पहले मैक्सवेल को पंजाब किंग्स ने रिलीज कर दिया था। पिछले सत्र में मैक्सवेल को पंजाब ने उन्हें 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा था पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा। वे 13 मैच में केवल 108 रन बना पाये और एक बार भी अर्धशतक तक नहीं लगा पाये। यहां तक कि अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए लोकप्रिय यह खिलाड़ी एक छक्का तक नहीं लगा पाया। मैक्सवेल को खरीदने को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच जमकर बोलियां लगी पर अंत में आरसीबी की बोली सबसे ज्यादा रहने से उसे यह ऑलराउंडर मिल गया। मैक्सवेल को उनके आधारमूल्य दो करोड़ से सात गुना से ज्यादा रकम मिली है। टी-20 में मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 150 से ज्यादा का रहा है। उन्होंने 331 छक्के और 529 चौके लगाये हैं।



आईपीएल में अब तक उन्होंने 82 मैचों में कुल 1505 रन बनाए हैं। स्ट्राइक रेट 154.67 का है। इसमें 91 छक्के और 118 चौके शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) के पिछले सीजन में मैक्सवेल ने 14 मैच में 379 रन बनाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 143 रन रहा था। कप्तान विराट कोहली की आरसीबी में मैक्सवेल की भूमिका एक ऑलराउडंर की होगी। माना जा रहा है कि आरसीबी में मैक्सवेल मध्य क्रम की बल्लेबाजी को और अधिक बेहतर करेंगे।

# नासिर हुसैन ने इंग्लैंड के स्पिन विभाग में निरंतरता के अभाव को बताया सबसे बड़ी कमी

## इंग्लैंड अब पिच, टॉस, डीआरएस, अंपायर या इस तरह की किसी भी चीज का रोना बंद करे

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि जो रूट की अगुवाई वाली टीम को अगर बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में अनुकूल परिणाम हासिल करना है तो उसे भारतीय पिचों की स्थिति का रोना रोने के बजाय अपने स्पिन विभाग के निरंतरता के अभाव को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। हुसैन ने कहा कि डॉम बेस का लेंथ को बरकरार नहीं रख पाना इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। भारत ने मंगलवार को दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 317 रन से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की। नासिर हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, इंग्लैंड को पिच, टॉस, डीआरएस, अंपायर या इस तरह की किसी भी चीज का रोना रोने के बजाय उन विभागों में सुधार करना चाहिए जिनमें वह कमतर नजर आया। मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे।%% उन्होंने कहा, %%भले ही उन्हें विकेट मिलते रहे, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा स्पिन



विभाग में निरंतरता का अभाव रहा। यह केवल इस टेस्ट मैच की बात नहीं है। श्रीलंका दौरे पर ध्यान दो तो जैक लीच और डॉम बेस ने विकेट लिए लेकिन विशेषकर बेस की लेंथ में निरंतरता का अभाव रहा हुसैन ने कहा कि भारतीय स्पिनरों ने इंग्लैंड के स्पिनरों की तुलना में बेहतर गेंदबाजी की तथा अनुभवी मोईन अली का भी अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था हालांकि वह 2019 में एशेज के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे थे। उन्होंने कहा, %%अली ने आठ विकेट (दूसरे टेस्ट में) लिए और उसने कुछ बेहतरीन गेंद की जैसे कि वह गेंद जिस पर उसने पहली पारी में विराट कोहली का विकेट लिया और उन्हें मैच में दो बार आउट किया, लेकिन मोईन ने स्वयं स्वीकार किया कि पहली पारी में उनका अपनी गेंदों पर पर्याप्त नियंत्रण था तथा आप स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर 128 पर चार विकेट का प्रदर्शन नहीं चाहते थे। हुसैन ने कहा, %%अगर आप तुलना करो तो भारत के दो स्पिनरों ने कैसे गेंदबाजी तो उन्होंने कुछ जादुई नहीं किया बल्कि उनका अपनी गेंदों पर नियंत्रण रखा। अगर आप मुझसे इंग्लैंड की हार का मुख्य कारण पूछोगे तो मैं कहूंगा कि देखिये भारत के दो स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल ने कैसी गेंदबाजी की।

# स्थानीय तेज गेंदबाजों को मिलेगी जगह : संगकारा

**कोलंबो ।** आईपीएल नीलामी से ठीक पहले राजस्थान रॉयल्स के निदेशक कुमार संगकारा ने कहा है कि बेहतर गुणवत्ता वाले स्थानीय तेज गेंदबाजों को अधिकांश फ्रेंचाइजियों की सूची में शामिल रहेंगे। संगकारा को आईपीएल के आगामी सत्र 14 के लिए पिछले महीने राजस्थान रॉयल्स के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। संगाकारा ने कहा, यह काफी अच्छा लगता है। यह एक दिलचस्प भूमिका होने जा रही है, एक दिलचस्प चुनौती, कुछ ऐसा जिसे मैंने वास्तव में कुछ समय के लिए नहीं सोचा था, लेकिन जब प्रस्ताव आया, तो मुझे वास्तव में यह समझने में थोड़ा समय लगा कि यह क्या था और फिर, हां बहुत उत्साहित हैं। (घरेलू गेंदबाजों पर) गुणवत्ता वाले स्थानीय पेसर अधिकांश फ्रेंचाइजी की



सूची में होंगे। उन्होंने आगे कहा, वे बहुत मूल्यवान हैं जब आप उन्हें प्राप्त कर सकते हैं, चाहे वह उमेश यादव हो या कोई और नया नाम हो सकता है। तेज-गेंदबाज बहुत महत्वपूर्ण हैं इसलिए हां, सभी फ्रेंचाइजियों से उन पर ध्यान दिया जाएगा। वहीं बल्लेबाजों को लेकर इस बारे में कुछ कहना कठिन है। । हमारे पास वे रिक्तियां हैं जिन्हें हम भरने की कोशिश करेंगे। टीमें बेहतर खिलाड़ियों को अवसर जरुर देंगी।



# गोल्फर मैकलरॉय बने पीएसी अध्यक्ष

**लंदन।** गोल्फर रोरी मैकलरॉय साल 2021 के लिए प्लेयर एडवाइजरी कौंसिल (पीएसी) के नये अध्यक्ष बने हैं। आयरलैंड के 31 साल के मैकलरॉय ने अध्यक्ष पद की दौड़ में अमेरिका के केविन स्ट्रेलमैन और स्कॉटलैंड के रसेल नॉक्स को हराया। मैकलरॉय अगर एक बार अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो वह 2022 में तीन साल के कार्यकाल के लिए टूर पॉलिसी बोर्ड में खिलाड़ी-निदेशक का पद संभालेंगे। वह तीन बार के प्रमुख विजेता जॉर्डन स्पीथ की जगह लेंगे। मैकलरॉय नीति बोर्ड में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर के पहले खिलाड़ी होंगे।

गिरजा/ईएमएस

# हरभजन ने अपनी डेब्यू फिल्म फ्रेंडशिप की तस्वीरें साझा कीं

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर सीनियर स्पिनर हरभजन सिंह अब रुपहले परदे पर भी नजर आयेंगे। भज्जी के नाम से लोकप्रिय इस क्रिकेटर ने अब अपनी डेब्यू फिल्म %फ्रेंडशिप% की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। हरभजन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें भज्जी काफी कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं। %फ्रेंडशिप% के जरिए तमिल में डेब्यू को लेकर भज्जी का उत्साह बढ़ा हुआ है और वह लगातार इसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के बीच



जाहिर कर रहे हैं। भज्जी ने ट्विटर पर कहा कि फ्रेंडशिप का कार्यक्रम फाइनल हो चुका है और शूटिंग जारी है। जल्द ही मैं थिएटर की पिच में नए अंदाज में आपसे मिलूंगा।% पोस्ट के जरिए उन्होंने ये भी हिंट दे दी कि फिल्म गर्मियों में रिलीज होगी हालांकि अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। तस्वीरों में हरभजन के साथ अभिनेत्री लोसीलिया मेरीयनेस भी नजर आ रही हैं। भज्जी तमिल के पारंपरिक परिधान लुंगी और नीली शर्ट में नजर आ रहे हैं। साथ में फिल्म में साथ काम कर रहे दूसरे कलाकार भी दिख रहे हैं। हरभजन अपनी डेब्यू फिल्म में एक्शन हीरो अर्जुन के साथ दिखाई देंगे, जो पोस्टर में भी मौजूद हैं। अर्जुन फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे जबकि लीड रोल में होंगे।





लीवरपूल में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी के रियाद मेहरेज अपना दूसरा गोल करते हुए।

# तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति का अध्यक्ष पद संभालेंगी हाशिमोतो

## हाशिमोतो ने 4 बार शीतकालीन और 3 बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लिया है

**तोक्यो।** शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में सर्वाधिक बार भाग लेने का रिकार्ड बनाने वाली सीको हाशिमोतो को गुरुवार को तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति का प्रमुख चुना गया। हाशिमोतो ने चार बार शीतकालीन और तीन बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लिया है और अब उन्होंने नया इतिहास रचा क्योंकि जापान में अब भी शीर्ष पदों पर कम महिलाएं पहुंची हैं। तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के पुरुष प्रधान कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद 56 वर्षीय हाशिमोतो को आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वह 83 वर्षीय योशिरो मोरी की जगह लेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री मोरी को महिलाओं को लेकर टिप्पणी के कारण पिछले सप्ताह त्यागपत्र देना पड़ा था। उन्होंने कहा था कि महिलाएं बहुत अधिक बातें करती हैं। हाशिमोतो प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा की कैबिनेट में ओलंपिक मंत्री पद पर है। उनके पास लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ा विभाग भी है। उन्होंने तीन ग्रीष्मकालीन ओलंपिक (1988, 1992 और 1996) तथा चार शीतकालीन ओलंपिक (1984, 1988, 1992 और 1994) में हिस्सा लिया था।

# बिटकॉइन 52000 डॉलर के पार



**मुंबई ।** बिटकॉइन इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल करंसी है। इसका बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 900 अरब डॉलर हो चुका है। इस बीच विश्लेषकों ने कीमतों की स्थिरता को लेकर चेतावनी जारी की है। क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन की कीमत नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। बुधवार को बिटकॉइन का भाव 52000 डॉलर के पार चला गया। एक दिन पहले ही बिटकॉइन पहली बार 50000 डॉलर के पार गया था। बुधवार को इसने 52,577.50 डॉलर के स्तर को छू लिया, हालांकि बाद में यह 6.3 फीसदी की तेजी के साथ 52233 डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच विश्लेषकों ने कीमतों की स्थिरता को लेकर चेतावनी जारी की है। बिटकॉइन की कीमत पिछले साल मार्च से अब तक 8 गुना हो चुकी है।

# मामूली बढ़त के साथ खुले बाजार

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बावजूद इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई जैसे शेयरों में तेजी के चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांकों में बढ़त देखने को मिली, जबकि ओएनजीसी के शेयर में भी उछाल आया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 61.08 अंक की तेजी के साथ 51,764.91 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 18.20 अंक बढ़कर 15,227.10 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत की तेजी ओएनजीसी में रही। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एसबीआई, इंफोसिस, एचसीएल टेक और एशियन पेंट्स में भी बढ़त के साथ कारोबार हो रहा था। दूसरी तरफ एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक लाल निशान में थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 400.34 अंक की गिरावट के साथ 51,703.83 पर बंद हुआ। व्यापक एनएसई निफ्टी 104.55 अंक की गिरावट के साथ 15,208.90 पर बंद हुआ था।

# यश बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

**मुंबई।** ?निजी क्षेत्र के यस बैंक ने फिक्स्ड डिपोजिट पर मिलने वाली ब्याज दरों को रिवाइज किया है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 4 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। यह ब्याज दर सामान्य लोगों के लिए 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी के लिए है। यह बदलाव बैंक के सभी टर्म डिपो?जिट्स पर 8 फरवरी, 2021 से प्रभावी हो गया है। बता दें कि यस बैंक अपने सभी ग्राहकों को शॉर्ट टर्म में न्यूनतम 7 दिनों से लेकर लांग टर्म में 10 साल तक के लिए फिक्स्ड डिपोजिट की सुविधा देता है। कोरोना महामारी के चलते बैंक में जमा राशि पर मिलने वाली ब्याज दर में पिछले कुछ समय में काफी गिरावट आई है। यश बैंक के रिवाइज्ड एफडी ब्याज दर के मुताबिक बैंक ?निय?मित ग्राहकों को 7 दिनों से 14 दिन के अंदर





मैच्योर होने वाले एफडी पर 3.5 प्र ?तिशत ब्याज दर ऑफर कर रही है। वहीं ग्राहको को 15 दिन से 45 दिन के एफडी पर 4 प्र ?तिशत ब्याज मिलेगा। 46 से 90 दिनों में मैच्योर होने वाले एफडी पर 4.50 प्र ?तिशत और 3 महीने से लेकर 6 महीने के फिक्स्ड डिपोजिट पर 5 प्र ?तिशत की दर से ब्याज मिलेगा। वहीं बैंक 6 महीने से लेकर 9 महीने के अंदर मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपोजिट पर 5.50 प्र ?तिशत, 9 महीने से 1 साल के अंदर के एफडी पर 5.75 प्र ?तिशत और 1 साल से 2 साल के कम समय के एफडी पर 6.25 प्र ?तिशत ब्याज देगी। इसके साथ ही कस्टमर्स को 2 साल से 3 साल के मिड टर्म एफडी पर 6.50 प्र ?तिशत और 3 साल से 10 साल में मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपोजिट पर 6.75 प्र ?तिशत की सालाना दर से ब्याज मिलेगा। 3 साल से कम समय की एफडी पर वरिष्ठ नागरिकों को 0.5 प्र ?तिशत अधिक ब्याज मिलेगा। वहीं 3 साल से ऊपर के एडी पर 0.75 प्र ?तिशत अधिक ब्याज मिलेगा यानी 7 से 14 दिन के एफडी पर सीनियर सिटीजंस को 4 प्र ?तिशत तो 10 साल के एफडी पर 7.5 प्र ?तिशत ब्याज मिलेगा।

ग्वालियर

पुष्पांजली टुडे 08

ग्वालियर, शुक्रवार 19 फरवरी 2021



# आप की सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य - ऊर्जा मंत्री तोमर



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने आज अपने निवास पर मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया तथा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी की सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य है और मैं निरंतर सभी की सेवा करता रहूंगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आप सभी ने मुझे सहयोग दिया है, जिसका कर्ज में हमेशा चुकाता रहूंगा और शासन की किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए यदि कोई भी कर्मचारी आपसे पैसा मांगता है, तो आप उसकी शिकायत मेरे निवास पर लगी पेटी में डालें वह पेटी में स्वयं खोलूंगा और शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखकर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आज अपने निवास पर लगभग 350 से अधिक हितग्राहियों को हाथ ठेला, पेंशन, पात्रता पर्ची एवं मजदूरी कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए।

## पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से सागरताल क्षेत्र के 5500 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ




**ग्वालियर।** सागरताल पर 5 एमबीए पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 8 एमबीए पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लगभग 5500 से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध रुप से उचित लोड पर बिजली मिलेगी। इसके साथ ही सागरताल क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा, जिससे लोग यहां घूमने व सैर करने के लिए आएं। उक्ताशय के विचार प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज सागरताल पर 8 एमबीए पॉवर ट्रांसफार्मर के पूजन अवसर पर व्यक्त किए। सागरताल चौराहे पर स्थित विद्युत सबस्टेशन पर पॉवर ट्रांसफार्मर के क्षमतावर्धन के लिए लगभग 43 लाख रुपए की लागत से लगाए जा रहे 8 एमबीए पॉवर ट्रांसफार्मर के पूजन अवसर पर उर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इसी के साथ ही आने वाले दिनों में ट्रांसफार्मर फुकने एवं विद्युत लोड की समस्या का आगामी 15 वर्ष तक के लिए निदान हेतु लगभग 27 करोड रुपए की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों का लाभ भी शहर की जनता को मिलेगा। इसी के साथ ही क्षेत्र में सडक का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने वाला है तथा शहर के गरीब लोगों को राशन मिले इसके लिए हम पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं और जिनके नाम नहीं जुडे हैं वह भी जोडे जा रहे हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में वरिष्ठ समासेवी श्री आर के गुप्ता एवं श्री मोहन विटवेकर ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिक एवं समाजसेवी श्री प्रयाग सिंह तोमर, श्री आर के गुप्ता, श्री मोहन विटवेकर, श्री जगदीश राय के साथ ही बिजली कंपनी के डीई श्री हजेला, श्री भदौरिया सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पेइंग गेस्ट बनकर 20 लाख की चोरी

**ग्वालियर।** विवि थाने के सिटी सेंटर में प्रॉपर्टी कारोबारी के घर पेइंग गेस्ट बनकर 25 लाख रुपए की चोरी करने वाली एक युवती को पुलिस ने दिल्ली में अपने बॉयफ्रेंड के साथ दबोच लिया है। चोरी को पकडी गई यवुती ने अपनी एक सहेली के साथ अंजाम दिया था। फिलहाल युवती की सहेली की तलाश की जा रही है। वहीं पुलिस पकडी गई युवती को ग्वालियर लेकर आ रही है। जानकारी के अनुसार शहर के सिटी सेंटर मनोहर इंक्लेव के पास निवासी अशोक माखीजा प्रॉपर्टी कारोबारी व बिजली विभाग के ठेकेदार हैं। यहां वह पत्नी किरन के साथ रहते हैं। अकेले रहने के कारण माखीजा दंपति लड़कियों को पेइंग गेस्ट रखते थे। दो दिन पहले उनके यहां दो युवतियां पेइंग गेस्ट बनकर रहने आई और मौको पाकर 20 लाख का माल समेटकर चंपत हो गई। जो युवतियां उनके यहां रूम लेने पहुंची थीं। उन्होंने बताया था कि वह पंजाब के जालंधर से आई हैं। अपना परिचय 29 वर्षीय बबीता व 30 वर्षीय गुलप्रीत कौर के रूप में दिया था। 600 रुपए में एक दिन के लिए रूम लिया था। घटना के बाद जब पुलिस ने दोनों युवतियों में से एक का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया तो उसकी लोकेशन रात से दिल्ली में आ रही थी।

### नगदी गहने और भैंस चोरी

**ग्वालियर।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित नारायण विहार कॉलोनी में बीती रात चोर एक मकान में घुस गए और घर वालों को कमरे में बंद कर 25000 की नगदी गहने और एक भैंस चोरी कर ले गए ।वहीं हजीरा थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर के घर से भी चोर नकदी गहने समेट ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के नारायण व्यास कॉलोनी गल्ला मंडी के पीछे रहने वाले रशीद खान के घर बीती रात चोर घुस आए और परिजनों को कमरे में बंद कर दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 25000 की नगदी तथा सोने चांदी के गहने और एक चोरी कर ले गए सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर से दरवाजा बंद था ।किसी तरह दरवाजा खोल आकर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वही हजीरा थाना क्षेत्र के सिमको लाइन निवासी डॉ छवि के घर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया और घर से नगदी गहने से दो लाख का माल समेट ले गए पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

### कलयुगी पिता ने बेटी से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** हवस के अंधे एक पिता ने अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म कर डाला वहीं महाराजपुरा थाना क्षेत्र मे एक महिला के घर में घुसकर दो युवकों ने छेड़छाड़ की, महिला को गलत तरीके से छुआ, जब विरोध किया तो फायर कर गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाने के हनुमान नगर मे रहने वाली एक 14 साल की लडकी ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई है कि रात के समय जब वह सो रही थी तभी उसके पिता ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है। वहीं महाराजपुरा के डीडी नगर में एक 39 वर्षीय महिला अपने दो बच्चों के साथ रहती है। बुधवार शाम क्षेत्र का एक युवक निहाल सिंह गुर्जर अपने साथी अरविंद यादव के साथ महिला के घर पहुंचा। उस समय महिला घर में अकेली थी। निहाल ने घर के अंदर घुसते ही महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसे जमकर पीटा और अश्लील हरकतें की। इसी समय महिला का 10 वर्षीय बेटा कोचिंग से आ गया। उसने दोनों युवकों की हरकत को मोबाइल में कैद कर लिया। बेटे के आते ही दोनों युवक भाग गए। 10 मिनट बाद निहाल बंदूक लेकर लौटा और उसने घर के सामने फायरिंग कर दी।

## किसानों का रेल रोको आंदोलन



# पटरियों पर लेट गए किसान घसीटकर बाहर खदेड़ा, 55 गिरफ्तार

**ग्वालियर।** किसान आंदोलन के चलते गुरुवार को किसानों ने रेल रोको आंदोलन किया, जिसमें ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पटरियों पर लेटे किसान, माकपा के सदस्य हंगामा करते हुए। रेलवे स्टेशन के आधा किलोमीटर दूर पटरियों से पैदल चलकर पहुंचे अंदर आंदोलन में महिलाएं सबसे आगेकृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने गुरुवार को देशभर में रेल रोको आंदोलन का ऐलान किया था। इसी कड़ी में ग्वालियर में भी आंदोलन किया गया। इस दौरान किसानों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि पुलिस ने भी इसे रोकने के लिए तैयारी कर रखी थी। रेलवे स्टेशन के बाहर किसानों को रोकने के लिए पुलिस तैनात थी, लेकिन पुलिस का दावा दोपहर फेल हो गया। सैकड़ों की संख्या में जवान स्टेशन के बाहर खड़े चौकसी करते रह गए और इधर, आंदोलनकारी अंदर पटरियों पर लेट गए। जब हंगामे का पता लगा, तो तत्काल फोर्स अंदर पहुंचा। पटरियों पर लेटे महिला, पुरुषों को खदेड़ते हुए बाहर ले गए। पुलिस ने डंडे के जोर पर 10 मिनट में ट्रैक साफ करा दिया। आंदोलन कारी किसान रेलवे स्टेशन से आधा किलोमीटर दूर एजी ऑफिस पुल के नीचे से ट्रैक पर पहुंचे और पैदल चलकर स्टेशन के पास आए। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर करीब 1 से 1.30 बजे के बीच हंगामा चलता रहा। पुलिस ने मौके से 7 महिलाओं सहित 55 को गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने इन आंदोलन करने वालों पर स्रद्धक्र की तैयारी कर ली है। रेलवे लाइन पर लेट कर प्रदर्शन कर रही महिलाओं को इस तरह पुलिस ने उठाकर स्टेशन के बाहर छोड़ा, इस दौरान पुलिस ने डंडे भी चलाए। रेलवे लाइन पर लेट कर प्रदर्शन कर रही महिलाओं को इस तरह पुलिस ने उठाकर स्टेशन के बाहर छोड़ा, इस दौरान पुलिस ने डंडे भी चलाए। केन्द्र सरकार के तीन कृषि कानून के विरोध में करीब 85 दिन से किसान आंदोलन चल रहे हैं। दिल्ली और उसके आसपास पंजाब, हरियाणा बॉर्डर पर सबसे ज्यादा किसान डटे हैं। इसी सिलसिले में किसान संगठनों ने देशभर में गुरुवार को 12 से 4 बजे के बीच रेल रोको आंदोलन की घोषणा की थी। ग्वालियर में भी किसानों, किसान संगठन, माकपा के सदस्यों ने रेल रोकने के लिए हंगामा किया और पटरियों पर लेटकर नारेबाजी की। अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोग गुरुवार दोपहर ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। पुलिस बाहर खड़ी पहरा दे रही थी। यह किसान अंदर पहुंचकर पटरियों पर लेट गए। जब बाहर खड़ी पुलिस को यह पता लगा, तो पुलिस एक्शन मोड में आई एएसपी रेल प्रतिमा एस मैथ्यू के नेतृत्व में अंदर पहुंची। अंदर पटरियों पर लेटी मंहिलाएं, किसानों को पहले ट्रैक खाली करने की समझाइश दी गई, लेकिन जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिस को डंडा चलाना पड़ा।

## महिंद्रा फर्स्ट चॉइस का हुआ शुभारंभ




**ग्वालियर।** महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स का वैश्य एंड मुकर्जी सिटी के सिरोल रोड स्तिथ परिसर में संपन्न हुआ पूर्व सेना अध्यक्ष राकेश जादौन एवं बीपीसीएल के मैनेजर सौरभ जैन तथा महिंद्रा फर्स्ट चॉइस के प्रदेश हेड शुभम मुंशी एवं मोहित राठौर एवं ग्वालियर शोरूम के संचालक अनंत वैश्य, असीम वेस्टिज उद्घाटन अवसर पर उपस्थित थे। महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स के शुभम मुंशी एवं मोहित राठौर ने कहा कि महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स देश की पसंदीदा प्रयुक्त कार कंपनी है। और यह भारत का एकमात्र संगठित मल्टी-ब्रांड प्लेयर है, जिसके भारत में 810 शहरों में 1700 आउटलेट हैं। उपयोग की गई कार खरीदना और बेचना अनिश्चितताओं, प्रश्नों और गलत धारणाओं के साथ आता है। एक ही छत के नीचे उपयोग की हुयी गाड़ियों को उचित मूल्य पर तुरंत खरीदा जा सकेगा एवं जिस प्रकार नयी गाड़ियों में कम्पनी वारंटी देती है उसी प्रकार महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स पुरानी गाड़ियों पर भी वारंटी देगा। ग्वालियर संचालक ने महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स कठोर और कठोर गुणवत्ता जांच प्रक्रियाएं यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं कि एक सेकंड-हैंड कार भी ग्राहक के प्रथम श्रेणी के सपनों को पूरा कर सके।हर ग्राहक के लिए पारदर्शिता, विश्वास के साथ महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स की विशेषताएं जो अन्य कंपनियों से बेहतर बनाती है , मल्टी-ब्रांड कारों की व्यापक पसंद , परेशानी मुक्त प्रलेखन की सुविधा , वारंटीफर्स्ट और सर्टिफिकेट का आश्वासन, तथा सभी कागजी कार्रवाई के साथ गाड़ियों को बेचा जाएगा। जो ग्वालियर में यह है एकमात्र ऐसी संस्था होगी ।

## रेलवे स्टेशन चकाचक ,, आज आएंगे जीएम

**ग्वालियर।** एनसीआर मंडल के महाप्रबंधक वीके त्रिपाठी शुक्रवार को ग्वालियर आ रहे हैं। जीएम के आगमन के चलते रेलवे स्टेशन पर आज विशेष साफ सफाई दिखाई दे रही थी ।कर्मचारी स्टेशन का कोना-कोना चमकाने में लगे हुए थे ।रेलवे के जीएम ग्वालियर आएंगे और करीब 75 मिनट यहां रहेंगे इसके अलावा स्टेशन के अन्य स्थानों का भी निरीक्षण करेंगे। जीएम धौलपुर से विंडो निरीक्षण करते हुए ग्वालियर पहुंचेंगे।जीएम के आगमन के चलते हैं पूरे स्टेशन को चकाचक कर दिया गया है। वहीं गुरुवार को डीआरएम ने भी स्टेशन का निरीक्षण कर ।अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।




# मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत 40 हजार विक्रेताओं को ऋण जारी

## ग्वालियर के पथ विक्रेता भी वर्चुअल रूप से हुए शामिल

**ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मेरा हर संभव प्रयास है कि प्रदेश के बेटा-बेटी, भाई-बहन अपने स्वयं के काम-धंधे संचालित करें और सम्मान से जीवन जिएं। यह हो गया तो मानूँगा कि मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हुआ। मुख्यमंत्री चौहान ने आज मिंटो हाल में 40 हजार ग्रामीण पथ विक्रेताओं को एक साथ दस-दस हजार रुपये के ऋण उपलब्ध कराने के लिए पट्टिका का अनावरण किया।**



इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और अपर मुख्य सचिव ग्रामीण एवं पंचायत विकास श्री मनोज श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के तहत आयोजित हुए इस कार्यक्रम में ग्वालियर जिले के हितग्राहियों ने वर्चुअल रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिले के विभिन्न ग्रामों में निवासरत 55 ग्रामीण पथ विक्रेताओं को इस कार्यक्रम के जरिए विभिन्न बैंकों के माध्यम से 10 - 10 हजार रूपए की ब्याज मुक्त ऋश राशि मुहैया कराई गई। इस आर्थिक मदद से ग्रामीण पथ विक्रेता बेहतर ढंग से अपना काम धंधा आगे बढ़ाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकेंगे। ग्वालियर जिले के विभिन्न ग्रामों से आए 25 पथ विक्रेताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का उदबोधन भी सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव व उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे, परियोजना अधिकारी श्रीमती ऊषा शर्मा व जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन श्री दिनेश शर्मा मौजूद थे। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी ग्रामीण पथ विक्रेताओं ने वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478